राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तापमान
अधिकतम 26°C
न्यूनतम 12°C



# विश्व विजेता टाइम्स



वर्ष : 22 अंक : 155 लखनऊ, शुक्रवार, 12 फरवरी, 2021 मूल्य : 2 रुपये पृष्ठ - 8 www.vishwavijetatimes.com

### ट्विटर को सरकार की सख्त चेतावनी, कहा-

# भारत में रहना है तो यहां का कानून मानना ही होगा

**नई दिल्ली।**



देश की राजधानी की सरहदों पर जारी किसान आंदोलन को लेकर ट्विटर हैंडल पर आपत्तिजनक कंटेंट और विवादित हैशटैग से संबंधित सभी ॠ को ब्लॉक करने में लापरवाही करने पर भारत सरकार ट्विटर के खिलाफ अब क?ी कार्रवाई कर सकती है. केंद्र सरकार ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा है कि ट्विटर सरकार के निर्देश का पालन आधे-अधूरे मन से कर रहा है जिसे बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है. केंद्र सरकार के आईटी मंत्रालय के अनुसार, ट्विटर ने अमेरिका के कैपिटल हिल हिंसा मामले में वहां की सरकार के निर्देश का तत्काल पालन किया, किन्तु किसानों के नरसंहार जैसे भ्रामक व दुष्प्रचार वाले ट्वीट को हटाने में आनाकानी और अभिव्यक्ति की आजादी का पाठ भारत को पढ़ा रहा है. बता दें कि ट्विटर और भारत सरकार के बीच जारी टकराव के बीच बुधवार को केंद्र के आईटी सेक्रेटरी और ट्विटर के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें ट्विटर से सरकारी नियमों के अनुपालन करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान बनाए रखने को कहा गया है. सरकार ने कहा कि किसी भी कंपनी को देश में होने पर भारतीय संसद के द्वारा पारित कानूनों का पालन करना ही प?ेगा, भले ही इससे अलग कंपनियों के नियम जैसे भी हों. बता दें कि ट्विटर ने बुधवार को 500 से ज्यादा एकाउंट को सस्पेंड कर दिया है, किन्तु उसने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता का हवाला देते हुए 'पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के एकाउंट पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है.' जिसके बाद सरकार ने किसान आंदोलन के संबंध में दुष्प्रचार और भड़काऊ बातें फैला रहे अकाउंट और हैशटैग के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने में ट्विटर के देरी करने पर बुधवार को 'कड़ी नाराजगी' प्रकट की है।

## दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर सबलता, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है भारत : मोदी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपनी सरकार की नीतियों को अंत्योदय और एकात्म मानववाद के मंत्रों पर आधारित बताया और कहा कि इन्हीं आदर्श को लेकर देश सबलता एवं आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने आज यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 53वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और भाजपा के सांसद भी उपस्थित थे। मोदी ने कहा कि हम जैसे जैसे दीनदयाल जी के बारे में सोचते हैं, बोलते हैं, सुनते हैं, उनके विचारों में हमें हर बार एक नवीनता का अनुभव होता है। एकात्म मानव दर्शन का उनका विचार मानव मात्र के लिए था। इसलिए, जहां भी मानवता की सेवा एवं कल्याण की बात होगी तो दीनदयाल जी का एकात्म मानव दर्शन प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक जीवन में एक नेता को कैसा होना चाहिए, भारत के लोकतन्त्र और मूल्यों को कैसे जीना चाहिए, दीनदयाल जी इसके भी बहुत बड़ा उदाहरण हैं। एक ओर वो भारतीय राजनीति में एक नए विचार को लेकर आगे बढ़ रहे थे, वहीं दूसरी ओर, वो हर एक पार्टी, हर एक विचारधारा के नेताओं के साथ भी उतने ही सहज रहते थे। हर किसी से उनके आत्मीय संबंध थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे शास्त्रों में कहा गया है- ''स्वदेशो भुवनम् त्रयम्'' अर्थात, अपना देश ही हमारे लिए सब कुछ है, तीनों लोकों के बराबर है। जब हमारा देश समर्थ होगा, तभी तो हम दुनिया की सेवा कर पाएंगे। एकात्म मानव दर्शन को सार्थक कर पाएंगे। दीनदयाल उपाध्याय जी ने भी यही लिखा था-'एक सबल राष्ट्र ही विश्व को योगदान दे सकता है।' यही संकल्प आज आत्मनिर्भर भारत की मूल अवधारणा है। इसी आदर्श को लेकर ही देश आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में देश ने अंत्योदय की भावना को सामने रखा और अंतिम पायदान पर खड़े हर गरीब की चिंता की। आत्मनिर्भरता की शक्ति से देश ने एकात्म मानव दर्शन को भी सिद्ध किया, पूरी दुनिया को दवाएं पहुंचाईं और आज वैक्सीन पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान, भारत हथियारों के मामले में विदेशों पर निर्भर हुआ करता था।

### एक नजर

## कोरोना और ठंड पर आस्था भारी, मौनी अमावस्या पर सुबह से शुरू हुआ गंगा स्नान

**हरिद्वार।** गुरुवार को मौनी अमावस्या पर हरिद्वार में तड़के से ही गंगा स्नान शुरू हो गया है। हरकी पैड़ी समेत हरिद्वार के विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी तादाद में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। यहां प्रतिबंधों और ठंड पर आस्था भारी पड़ रही है। हिंदू धर्म में आज के दिन का अपना एक विशेष महत्व होता है। आज मौनी अमावस्या है। इस दिन गंगा स्नान का काफी महत्व माना गया है। गुरुवार को सुबह से ही ठंडी हवा चल रही है, जिसके कारण मौसम ठंडा हो गया है, किन्तु श्रद्धालुओं की आस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। बड़ी तादाद में लोग स्नान के लिए हरिद्वार पहुंच रहे हैं। गंगा में बाकी दिनों की अपेक्षा जल थोड़ा मटमैला है। पहाड़ पर हुई बारिश के कारण ऐसा जल बह रहा है। जिला प्रशासन की तरफ से पहले हरिद्वार आने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराने की बाध्यता रखी गई थी, किन्तु आज जिले के बॉर्डर पर बिना पंजीकरण भी भक्तों को प्रवेश दिया जा रहा है। जिले के बॉर्डर पर श्रद्धालुओं की रेंडम सेंपलिंग का प्रबंध किया है।

## ट्विटर विवाद के बीच भारत में 'मशहूर' हुआ कुकूएप, हर दिन जुड़ रहे 1 लाख लोग

**नई दिल्ली।** भारत सरकार और ट्विटर के बीच जारी खींचतान के बीच देसी ट्विटर के नाम से मशहूर च्श्श्र-श्रश्व पॉपुलर होता जा रहा है. पिछले कुछ दिनों में इस देसी ऐप का पैमाना तेजी से बढ़ा है. यहां तक की देश के कई मंत्री, नेता, अभिनेता भी इस नए प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब से भारत सरकार और ट्विटर के बीच का विवाद सार्वजनिक हुआ है ऐप से लोगों का जुड़ना तेज हो गया है. बीते दो से तीन दिनों में हर दिन एक लाख से ज्यादा नए लोग च्श्श्र ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं, जबकि कुल डाउनलोड की तादाद तीस लाख को पार कर गई है. कुछ दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की थी कि वो अभी अब च्श्श्र ऐप पर हैं. अब उनके अलावा भी कई बड़े नाम इस देसी ऐप से जुड़ गए हैं. मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर जैसे बड़े नाम इस ऐप से जुड़ चुके हैं. इसके साथ ही भारत सरकार के कई बड़े मंत्रालय और अधिकारी भी अब इस ऐप पर मौजूद हैं. च्श्श्र ऐप के को-फाउंडर में से एक ए. राधाकृष्णा के अनुसार, बीते कुछ दिनों में कई गुना लोग इस ऐप से जुड़े हैं. यही वजह है कि हाल ही के वक्त में ऐप लोड नहीं ले पाया है और कुछ बार डाउन भी हुआ है.

## 'मौनी अमावस्या' पर प्रियंका गांधी ने संगम में लगाई पवित्र डुबकी



**रायगढ़।**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। रात करीब 12 बजे वह अपने बच्चों के साथ इलाहाबाद पहुंची। वहां से वह आनंद भवन गए। उन्होंने पानी में पवित्र डुबकी लगाई और प्रार्थना की। कांग्रेस नेता कड़ी सुरक्षा के बीच नाव से संगम गए। डुबकी लगाने के बाद प्रियंका गांधी नई दिल्ली रवाना होने से पहले शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती से मिलने मनकामनेशर मंदिर गईं। इससे पहले प्रियंका प्रयागराज पहुंचीं और नेहरू परिवार के पैतृक घर आनंद भवन गईं। यहां उन्होंने उस स्थान पर पुष्पांजलि अर्पित की, जहां स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की अस्थियां गंगा नदी में विसर्जित करने से पहले रखी गई थीं। साथ ही उन्होंने आनंद भवन में अनाथालय के बच्चों से भी बातचीत की और उनसे विभिन्न मुद्दों पर बात की। प्रियंका का दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। किसान रैली को संबोधित करने के लिए बुधवार को सहारनपुर में प्रियंका गांधी ने हाल ही में अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में पार्टी के समर्थन आधार को पुनर्जीवित करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं।

## मुख्यमंत्री ने केरल में भाजपा की राज्यव्यापी यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**केरल।**



भारतीय जनता पार्टी की राज्य व्यापी यात्रा के समापन दिवस 7 मार्च को तिरुवनंतपुरम में एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन के नेतृत्व में होने वाली इस यात्रा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 फरवरी को कासरगोड से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसे अप्रैल/मई में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व इस यात्रा को लेकर उत्साहित है क्योंकि मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत सभी शीर्ष राष्ट्रीय भाजपा नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। यात्रा में भाग लेने वालों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और श्रीमति ईरानी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। प्रदेश महासचिव एमटी रमेश ने कहा कि चुनाव के साथ यात्रा का नारा भ्रष्टाचार से मुक्त नया केरल है। ÷हम अपने शीर्ष राष्ट्रीय नेताओं की उम्मीद कर रहे हैं और मोदी की यात्रा की पुष्टि का इंतजार है। यह यात्रा मूल रूप से हमारे चुनाव अभियान को शुरू करने के लिए पर्दा उठाने वाली घटना है । फिलहाल उम्मीदवारों की सूची की कोई बात नहीं है क्योंकि इसे उचित समय पर लिया जाएगा। भाजपा की राज्य इकाई के लिए विधानसभा चुनाव तेजाब परीक्षण होने जा रहा है ताकि यह देखने को मिल सके कि वह 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में एक सीट से अपनी संख्या बढ़ा पाती है या नहीं। पार्टी के दिग्गज और पूर्व केंद्रीय मंत्री ओ राजगोपाल ने राज्य की राजधानी में नेमोम विधानसभा सीट से जीत हासिल कर 2016 के चुनाव में भाजपा का खाता खोला तो सभी दंग रह गए।

### योगी ने पं दीनदयाल स्मृतिका पर अर्पित की पुष्पांजलि

**लखनऊ ।** पं. दीनदयाल उपाध्याय के निर्वाण दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका चारबाग पर पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि आज से 53 वर्ष पूर्व आज ही के दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने भौतिक काया को छोड़कर हम से अलग हुए थे। लेकिन, उनके विचार दर्शन निरन्तर भाजपा और समाज को अनुप्रेरित करते रहते हैं। उसी का परिणाम है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानव दर्शन से प्रेरणा प्राप्त करके आज केन्द्र और प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक तबके तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने के बारे में सोच पा रही है और कार्य कर पा रही है।

## रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मशीन लेकर चमोली पहुंचा चिनूक हेलीकाप्टर

> मुख्य टनल की सफाई कर टी प्वाइंट की तरफ बढ़ने की रणनीति पर काम करने का फैसला किया गया

**देहरादून, एजेंसी।**



ऋषिगंगा और तपोवन टनल में एक बार फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया है। पानी भरने की सूचना के बाद लगभग डेढ़ घंटे के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन को रोका गया था, लेकिन बाद में हालात का जायजा लेने के लिए एयर फोर्स की टीम ने आपदा ग्रस्त ग्लेशियर और 10 गांव का दौरा किया। जिसके बाद स्थिति को सामान्य पाने पर एक बार फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

चमोली में तपोवन विष्णुगाड परियोजना की टनल में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में पल-पल नई चुनौती पेश आ रही है। बुधवार मध्यरात्रि ड्रिल करके काम कर रही टीम का पता लगाने की जिस रणनीति पर काम शुरू किया गया था, सुबह ग्यारह बजे उसे बदलना पड़ा। अब फिर से मुख्य टनल की सफाई कर टी प्वाइंट की तरफ बढ़ने की रणनीति पर काम करने का फैसला किया गया है। छह मीटर ड्रिल के बाद लोहे का जाल और कंक्रीट की मजबूत सतह मिलने के चलते और गहराई में ड्रिलिंग संभव नहीं हो पा रही है। इसीलिए ड्रिलिंग रोककर अब फिर से मुख्य टनल से मलबा हटाने का काम शुरू किया जा रहा है। टनल के भीतर रविवार से 34 लोग फंसे हुए हैं। ये सभी फलशिंग टनल में काम करने गए थे। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि बचाव अभियान के तहत हम कल तक सुरंग में मलबा हटाने का काम कर रहे थे। अंदर देखने के लिए हमने छोटी सुरंग में ड्रिलिंग भी शुरू की थी, लेकिन मशीन के टूटते ही इसे अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।

## पंचायत चुनाव : पहले जो क्षेत्र आरक्षित नहीं थे, उन्हें मिलेगी वरीयता

> पंचायत चुनाव आरक्षण अधिसूचना जारी,एससी, ओबीसी और महिला के क्रम में होगा आरक्षण

**लखनऊ**




यूपी में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण नीति जारी हो गई है। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत चुनाव में रोटेशन आरक्षण लागू किया है। प्रदेश के 826 ब्लाक, 58194 ग्राम पंचायतों का गठन किया जा चुका है। आरक्षण नीति में 1995 से 2015 में हुए आरक्षण को संज्ञान में रखा गया है।

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एससी, ओबीसी, महिला क्रम में पिछले चुनावों को देखते हुए आरक्षण लागू किया जाएगा। जो पद पहले कभी आरक्षित नहीं हुए, उनको वरीयता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 2 जिला पंचायत ऐसी थीं जो आज तक शेड्यूल कास्ट और ओबीसी के लिए नहीं आरक्षित हुई हैं। वहीं, 7 ऐसी जिला पंचायतें हैं, जो महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि चुनाव में शिक्षा आड़े नहीं आएगी। पूर्व की तरह ही पंचायती चुनाव कराएं जाएंगे। 826 ब्लॉकों में जिलेवार किस श्रेणी में आरक्षण होगा, यह राज्य स्तर पर जारी किया जाएगा। साथ ही जिला पंचायतों की आरक्षण प्रक्रिया भी राज्य स्तर पर जारी होगी। 2 से 3 मार्च के बीच प्रधानों, ग्राम पंचायत, क्षेत्र व जिला पंचायत के आरक्षित प्रदेशिक आरक्षण निर्वाचन क्षेत्र के आवंटन की प्रस्तावित सूची का जिलाधिकारी द्वारार प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 4 मार्च से लेकर 8 मार्च तक, 4 दिन में आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। जिसे भी आपत्ति करनी है लिखित आपत्ति दर्ज करानी पड़ेगी। फिर 10 से 12 मार्च के बीच आई हुई आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अंतिम सूची तैयार की जाएगी।मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड मेंबर, क्षेत्र पंचायत के सदस्य, ग्राम प्रधान एवं उनके सदस्य सभी के सीटों का निर्धारण किया जा चुका है। पंचायत चुनाव में 2015 में जो आरक्षण की स्थिति थी, वह इस चुनाव में नहीं होगी। जो पद शेड्यूल कास्ट या फिर शेड्यूल कास्ट महिला के लिए हैं, वे इस बार अनारक्षित व ओबीसी के हो सकते हैं। कोई भी ऐसा पद जो आज तक शेड्यूल कास्ट के लिए आरक्षित नहीं हुआ, वह शेड्यूल कास्ट के लिए आरक्षित हो सकता है। ऐसे ही जिला पंचायत का कोई अध्यक्ष पद नहीं आरक्षित रहा है, तो वह आरक्षित हो सकता है। कोई ऐसा पद जो ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं हुआ है वह ओबीसी के लिए आरक्षित होगा, इसी तरह कोई पद महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं हुआ तो इस बार हो सकता है। प्रदेश में अप्रैल माह में 58194 ग्राम पंचायतों, 731813 ग्राम पंचायत सदस्यों, 75855 क्षेत्र पंचायत सदस्यों, 3051 जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद 826 ब्लाक प्रमुखों व 75 जिला पंचायत अध्यक्षों का निर्वाचन होगा।

### देश में 88 फीसदी लोग

## तंबाकू नियंत्रण कानून मजबूत बनाने के पक्ष में

**नई दिल्ली ।**



देश में 80 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सिगरेट, बीडी और धूम्रपान रहित तंबाकू का इस्तेमाल एक भारी समस्या है और इससे निपटने के लिए मजबूत कानून बनाया जाना चाहिए। गैर सरकारी संगठन कंज्यूमर वॉयस के गुरूवार को यहां जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार देश के 10 राज्यों में 80 प्रतिशत से अधिक भारतीयों का मानना है कि सिगरेट, बीडी, धूम्रपान रहित तंबाकू का इस्तेमाल एक बहुत ही गंभीर समस्या है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 72 प्रतिशत लोग 'सैकेंड हैंड स्मोक' को एक गंभीर स्वास्थ्य खतरा मानते हैं। इसके अलावा 88 प्रतिशत लोग वर्तमान तंबाकू नियंत्रण कानून को मजबूत बनाने का समर्थन करते हैं। लोगों का कहना है कि हवाई अडडों, रेस्तरां और होटलों और अन्य खुले स्थानों पर सिगरेट और बीडी की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और तंबाकू उत्पादों के विज्ञापनों को प्रतिबंध किया जाना चाहिए।

यह सर्वेक्षण 10 राज्यों के 1476 वयस्क व्यक्तियों पर किया गया। सर्वेक्षण में 10 भाषाओं हिंदी, गुजराती, पंजाबी, उडिया, मराठी, तमिल, बंगाली, तेलुगु, मलयालम और कन्नड बोलने वाले लोगों को शामिल किया गया।

कंस्यूमर वॉयस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी असीम सान्याल ने कहा कि जनता का बहुमत वर्तमान तंबाकू नियंत्रण कानून को मजबूत करने के पक्ष में हैं और यह सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एकमहत्वपूर्ण कदम है। तंबाकू दुनिया भर में अन्य प्रकार की बीमारियों और समय से पहले होने वाली मौतों का प्रमुख कारण है। भारत में प्रतिवर्ष 10 लाख से अधिक लोग तंबाकू से संबंधित बीमारियों के कारण जीवन खो रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारत में 26 करोड़ से अधिक लोग तंबाकू का सेवन करते हैं।

### राजस्थान में राहुल गांधी की किसान यात्रा, ट्रेक्टर रैली में भी होंगे शामिल

**जयपुर।** किसान आंदोलन को समर्थन देने के उद्देश्य से कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार को राजस्थान पहुंच रहे हैं। यहां 12 और 13 तारीख को एक के बाद एक वे 5 किसान सभाओं को संबोधित कर ट्रेक्टर रैली में शामिल होंगे। राहुल गांधी 13 फरवरी को अजमेर के किशनगढ़ से नागौर के मकराना तक ट्रैक्टर रैली भी निकालेंगे। राहुल गांधी, ट्रैक्टर मार्च का आगाज नागौर के रुपनगढ़ में सुरसुरा गांव में लोक देवता तेजाजी की निर्वाण स्थली पर तेजा मंदिर में दर्शन के साथ करेंगे। कांग्रेस ने किसान आन्दोलन को खुलकर समर्थन क्या दिया कि अब उसके सभी दिग्गज नेता किसान महापंचायत का आयोजन कर किसान आन्दोलन को समर्थन देने में लगे हुए हैं।

## भाजपा सदस्यों के हंगामे के बीच दो बार स्थगित हुई राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही

**कोटा एजेंसी**



कोटा में आरएसएस कार्यकर्ता पर हमले के मुद्दे पर गुरुवार को विपक्षी भाजपा ने राजस्थान विधानसभा में हंगामा खड़ा कर दिया, जिससे सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित हो गई। शून्यकाल के दौरान भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी और मदन दिलावर ने मामला उठाया लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने उन्हें अनुमति नहीं दी जिसके बाद उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व अन्य लोग घटना के विरोध में वेल में पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अध्यक्ष के फैसले को ललकारा, स्पीकर ने सूचीबद्ध कारोबार को संभाला। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को कानून व्यवस्था की स्थिति पर बोलने की अनुमति दी थी और इस विशेष मामले को उठाने के लिए उस अवसर का इस्तेमाल किया जा सकता था। राजेंद्र राठौड़ और भाजपा विधायकों के हंगामे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपके बीच यह साबित करने की होड़ है कि कौन ज्यादा वफादार है। भाजपा सदस्यों ने संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल के साथ एक आरोपी की कथित फोटो भी माफ कर दी और सरकार से जवाब की मांग की। कोटा में मंगलवार रात आरएसएस के एक कार्यकर्ता को तीन हमलावरों ने गोली मार दी। आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। स्पीकर ने कहा कि अगर आरोप लगाने हैं तो ऐसे नियम हैं जिनके तहत ऐसा किया जा सकता है लेकिन हंगामे की इजाजत नहीं दी जा सकती। भाजपा विधायक सदन के वेल में धरने पर बैठ गए जिसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। भाजपा विधायकों ने सदन के अंदर धरना जारी रखा।

# क्राइम ब्रांच की टीम ने नौ शातिर लुटेरों को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

गोरखपुर



बेलीपार थाना क्षेत्र के पीपा पुल चंदा घाट के पास क्राइम ब्रांच व बेलीपार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 9 शातिर लुटेरे व चोर को गिरफ्तार किया गया है इनके पास से चार मोटरसाइकिल दो 315 बोर का तमंचा तीन जिंदा कारतूस और एक अवैध असलहों पॉइंट 303 बोर का जिंदा कारतूस सब्बल सोने चांदी के जेवर गैस सिलेंडर समेत अन्य समान पुलिस ने बरामद किया है।

उक्त बात का खुलासा व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान डीआईजी/ एसएसपी जोगिंदर कुमार ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सर्विलांस की मदद से गगहा पुलिस ने 9 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं इनका पुलिस रिकॉर्ड में अभी कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। यह छोटी-छोटी घटनाओं को अंजाम देते थे जिसकी शिकायत थाने तक नहीं आती थी।

जिसकी वजह से यह कई घटना को अंजाम दे चुके हैं। जिसमें एक चौरीचौरा के शराब के मुनीम से लूट का प्रयास में भी शामिल रहा हैं। पकड़े गए आरोपियों में चंद्रकेश पासवान राजेंद्र शर्मा राहुल कुमार पासवान मोनू कुमार निषाद विष्णु पासवान वीरेंद्र बहादुर विश्वजीत कुमार निषाद अनिरुद्ध निषाद राकेश पाल शामिल है। जो खोराबार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार करने वाली टीम को 25000 का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी कैंट सुमित शुक्ला ही रहे मौजूद।

## मनोज सिन्हा करेंगे सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण

**गाजीपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा के प्रयास से जनपद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे इंडियन रेलवे वित्त कार्पोरेशन के सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत वित्त व्यवस्थित शुलभ इंटरनेशनल द्वारा शादियाबाद चौराहा और नगर के लंका पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है। इसका लोकार्पण 11 फरवरी को दिन में ढाई बजे जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा वर्चुअल (वीडियो कांफ्रेंस) से करेंगे।

शादियाबाद चौराहा पर 15 लाख की लागत से सामुयिक शौचालय और नगर के लंका पर बाईपास के सामने 32 लाख 92 हजार की लागत से स्नान घर और शौचालय का निर्माण कराया गया है। लोकार्पण की जानकारी भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुनील सिंह ने भाजपा मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा के माध्यम से दी है।

# पुलिस अधीक्षक नगर ने किया स्कूलों का निरीक्षण शेरनी दस्ता को किया एक्टिवेट



गोरखपुर ।

कोरोना संक्रमण फैलने की वजह से पिछले 11 महीनों से बन्द कक्षा 6 से 8 तक के स्कूल को प्रदेश सरकार की अनुमति से सभी शिक्षण संस्थाएं 50त्न उपस्थिति के साथ आज से खोल दिए गए स्कूल पहुंचने के बाद छात्र छात्राओं के चेहरे खिल खिलखिलाते नजर आये। 11 महीने के बाद स्कूल खुलने पर पुलिस प्रशासन अपने शेरनी दस्ता को एक्टिवेट करते हुए महिला विद्यालयों के आसपास विद्यालय खुलने व छुट्टी होने के समय शेरनी दस्ता अपने हैंडसेट के साथ भ्रमण करती हुई नजर आए। अगर कोई मनचला किसी छात्रा के अभद्रता करने की कोशिश करता है तो उसे शेरनी दस्ता तुरन्त कार्यवाही कर सके।

इसी क्रम में बुधवार से गोरखपुर जिले में भी कक्षा 6 से 8 तक के सभी स्कूल खुले और बच्चे पढ़ाई के लिए पहुंचे। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार शेरनी दस्ता को एक्टिवेट करते हुए सेंट जोसेफ डिग्री कॉलेज कार्मेल इंटर कॉलेज पहुंचकर छात्राओं से वार्ता कर कहा कि अगर घर जाते स्कूल आते समय कोई मनचला किसी भी प्रकार की दिक्कत पैदा करता है तो 1090 व 112 तथा महिला पुलिस तथा उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना दें। जिससे उन मनचलों पर तत्काल कार्यवाही किया जा सके। सरकार की तरफ से जारी गाइडलाइन के मुताबिक पहले दिन यहां सभी क्लास में कुल क्षमता 50 फीसदी ही रही।

बाकी 50 फीसदी बच्चे दूसरे दिन यानी कल स्कूल आएंगे। क्योंकि गाइडलाइ के मुताबिक किसी भी कार्य दिवस पर किसी भी क्लास में कुल क्षमता से 50 फीसदी से अधिक छात्र छात्राएं स्कूल में उपस्थित नहीं रहने हैं वहीं लगभग एक साल के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई।

## विधायक के करीबी से उलझना थानेदार को पड़ा भारी, कर दिये गये लाइन हाजिर

गाजीपुर ।

मुख्यमंत्री के सोमवार के कार्यक्रम के वक्त हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमित सिंह से नाहक उलझना एसएचओ मरदह बलवान सिंह को भारी पड़ गया। पुलिस कप्तान डॉ.ओम प्रकाश सिंह ने मंगलवारी रात लाइन हाजिर कर दिया। अमित सिंह जमानियां विधायक सुनीता सिंह के बेहद करीबी भी माने जाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कासिमाबाद के धरवार कलॉ में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य के निरीक्षण और समीक्षा के बाद जनसंवाद का कार्यक्रम था। उसी कार्यक्रम में भाग लेने अमित सिंह पहुंचे थे लेकिन वहां तैनात एसएचओ मरदह बलवान सिंह उन्हें रोक दिए। परिचय जानने के बाद भी वह उनकी कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। अन्य लोगों ने किसी तरह उनको शांत कराया। विधायक सुनीता सिंह भी वहां पहुंची थी। अब जबकि मरदह एसएचओ के पद से हटाकर इंस्पेक्टर बलवान सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है तो इस कार्रवाई को उसी वाकये से जोड़ कर देखा जा रहा है। हालांकि बलवान सिंह अपनी बदजुबानी को लेकर पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। जब वह कासिमाबाद एसएचओ थे तब उनकी इलाकाई भाजपाइयों से ठनी थी।


बलवान सिंह की जगह मुहम्मदाबाद कोतवाली में अतिरिक्त इंस्पेक्टर रहे सुनील कुमार सिंह को मरदह एसएचओ की जिम्मेदारी दी गई है। इसीक्रम में पुलिस कप्तान ने और भी कई थानेदारों का हेरफेर किया है। इनमें गैर जोन के लिए स्थानांतरित एसएचओ दिलदारनगर धर्मेंद्र पांडेय तथा एसएचओ सुहवल सुदेश कुमार को रवानगी के लिए पुलिस लाइन बुला लिया गया है।

## बिसवां सीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन न होने से मरीज परेशान

**सीतापुर।** सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ जनता को देने के लिए प्रयास कर रही है। सरकार के दिशा निर्देश सख्त होने के बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा स्वास्थ्य सेवाएं जनता को देने में असमर्थ दिखाई दे रहा है जिससे मरीज दर.दर भटकते देखे जा रहे हैंए परंतु महकमे के कान में क्यों जूं तक नहीं रेंग रही है। बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता ना होने की वजह से मरीज प्राइवेट मेडिकल स्टोर से खरीदने को विवश हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर आए दिन एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी रहती है। जिन मरीजों के दो या तीन बार स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीन लग चुकी हैए और मौजूदा समय पर सीएचसी पर वैक्सीन की उपलब्धता ना होने की वजह से प्राइवेट मेडिकल स्टोर से लगवानी पड़ रही है।

# सरकारी दबाव में अंसारी परिवार पर दर्ज हो रहे फर्जी मुकदमे : सिबगतुल्लाह

गाजीपुर ।



गजल होटल लैंड डील मामले में मुख्तार अंसारी के दोनों बेटो को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। इस मामले में मुख्तार अंसारी की पत्नी को पहले ही जमानत मिल चुकी है। वही गजल होटल लैंड डील मामले में जमानत मिलने के बाद मुख्तार अंसारी के बड़े भाई और मोहम्दाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी ने इस पूरे मामले राजनीतिक साजिश करार दिया है।

9 फरवरी तक इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उमर और अब्बास को सशर्त एंटीसिपेटरी बैल दी थी। वहीं इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट में 9 फरवरी को हाइकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है।

इस मसले पर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई और पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने उमर और अब्बास को अग्रिम जमानत दे दी है। इस संबंध में न्यायालय के आदेश से का पालन करते हुए मुचलका आदि से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। ि सबगतुल्लाह अंसारी ने यह भी कहा कि पूरा प्रकरण राजनीति से प्रेरित है। पूर्वांचल की राजनीति में अंसारी परिवार की सक्रियता हमेशा से रही है। गरीबों, मजदूरों, दबे-कुचले, अल्पसंख्यक और अनुसूचित लोगों की लड़ाई न लड़ सके, अंसारी परिवार उनकी आवाज़ न बन पाए। इसके लिए सरकार के दबाव में सरकारी अधिकारी अंसारी परिवार पर फर्जी मुकदमे गढ़ रहे हैं।

इसके साथ ही मीडिया पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि गोदी मीडिया के मन मे जो भी आ रहा है वह दिखाने/छापने लग रही है। मुख्तार अंसारी के बेटों पर 10 रुपये का ईनाम तक नही घोषित था, लेकिन उसको 25 हजार का इनामिया बताया गया। मीडिया को यह दिखाने से पहले इस सूचना की पुष्टि कर लेनी चाहिए।

# श्रमिकों को लाभ दिलाना हमारा कर्तव्य : स्वामी प्रसाद मौर्य



सीतापुर ।

उप्र भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का श्रमिक जागरूकता एवं हितलाभ वितरण समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कालेज मैदान सीतापुर में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, तत्पश्चात मंत्री मौर्य के स्वागत में स्वागत गीत की प्रस्तुति भी की गयी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 द्वारा श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को विभिन्न हित लाभ योजना दिये जाने के साथ-साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि आज यहां पर ऐसे निर्माण समिति को आमंत्रित किया गया है जिनको विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाना है। हमारा संकल्प है कि सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ हम निरन्तर कार्य करते रहें। हम यह भी जानते है कि यहां पर बैठे बहुत से लाभार्थी पूर्व में भी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा सचांलित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बहुतों के घर में गैस चूल्हा सिलेण्डर पहुंचा, तो बहुतों के घर में शौचालय का निर्माण हुआ होगा, तो बहुत सी ऐसी बस्तियों में जहां अंधेरा छाया हुआ था, वहां पर बिजली पहुंची होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से लोग हैं जिनके पास सिर छिपानें की जगह नही थी उनको प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा होगा।

उन्होंने कहा कि मार्च तक हम निशुल्क पंजीकरण अभियान चला रहे हैं। वहीं, अब श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए ठेकेदार के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। अब सीधा श्रमिक लिखकर दे देगा और हम पंजीकरण कर देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक श्रमिकों के पंजीकरण का है। श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। उनका नाम अटल आवासीय विद्यालय रखा जाएगा।

## सामूहिक विवाह में 24 जोड़े एक दूजे के हुए

**सीतापुर।** समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बिसवां विकास खण्ड परीसर में किया गया । कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख बिसवां राकेश वर्मा ने मां गायत्री के चित्र पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।सामुहिक विवाह कार्यक्रम में 24 शादी के जोड़ो का पूरे रीति.रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया । विधायक महेंद्र सिंह यादव द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ो को 35 हजार की चेक व सामान देकर शुभकामनाएं दी इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी रवि यादव खंड विकास अधिकारी विकास यादव एडीओ पंचायत शैलेंद्र दीक्षित जेई शशिकांत यादवए जेई रजनीश कुमार भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता जीतू सिंह आलोक शुक्ला नागेंद्र यादव अनूप यादव कौशल मिश्रा सहित विवाहिता जोड़ों के परिवार के लोग व ब्लॉक के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## बंदरों के आतंक से लोग परेशान



एटा ।

शहर में इन दिनों बंदरों का आतंक चरम पर है। आए दिन शहर व ग्रामीण इलाकों से बंदरों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। इसके चलते इलाके के लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। लोगों ने इस क्रम में नपा प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

लोगों का आरोप है कि नपा प्रशासन शहर से बंदरों के सफाए को लेकर बिलकुल भी गंभीर नहीं है। इसके कारण बंदरों के काटने के मामले आए दिन बढ़ते जा रहे हैं। इससे तंग आकर क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी सुखलाल भारती से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। बता दें, कि शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बंदरों के काटने के अधिकतर मामले बच्चे, बुजुर्ग तथा महिलाओं के साथ सामने आए हैं।

बंदर छोटे बच्चों तथा महिलाओं को आसानी से शिकार बनाकर इन्हें जख्मी कर रहे हैं। शहर की रेलवे रोड कॉलोनी, श्याम कॉलोनी, सब्जी मंडी, होली मोहल्ला, भगीपुर आदि मोहल्लों महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग बंदरों के शिकार हुए है। सब्जी मंडी में एक व्यापारी के यहां काम करने वाले मोहित पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी भगीपुर को बंदर ने पेर पर काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा महंगा, दर्ज हुआ मुकदमा

**गोरखपुर।** कहा जाता है पत्रकार देश का चौथा स्तंभ होता है। उसी के द्वारा आमजनमानस अपने घर बैठे देश दुनिया की हर छोटी बड़ी खबर जान जाता है। लेकिन कुछ ऐसे भी लोग है जिन्हें ये राश नही आया और सोशल मीडिया और पत्रकार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दिया और वो भी कोइ आम आदमी नही बल्कि विकासखंड पाली में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र चौधरी के द्वारा किया गया। आपको बता दे कि सहजनवा थाना क्षेत्र के पाली विकासखंड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी घघसरा विरेंद्र चौधरी द्वारा,पत्रकारों के ख़िलाफ़ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को संज्ञान लेते हुए, पुलिस ने मंगलवार देर रात को ग्राम पुंडा निवासी संतोष कुमार की तहरीर पर आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी अनुसार-घघसरा ग्राम विकास अधिकारी विरेंद्र चौधरी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट के फेसबुक आईडी पर मीडिया की भूमिका पर सवाल खड़ा कर दिया। आपत्तिजनक बातों के साथ-साथ देश की मीडिया और पत्रकारों की तुलना एक तवायफ से कर दी। उनके फेसबुक से जुड़े उनके प्रसंशको ने खूब तारीफ की । वीडियो वायरल होने पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर पत्रकारों द्वारा लगातार सवाल पूछे जाने लगा, जिसका सटीक जवाब उनके पास नहीं था। फिर भी वह अपने बात पर कायम रहे। पत्रकारों के लगातार सवालों से बचने के लिए उन्होंने देर रात अपने फेसबुक से आपत्तिजनक पोस्ट को हटा दिया। उक्त संदर्भ में- जब ग्राम विकास अधिकारी घघसरा वीरेंद्र चौधरी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि हमने बड़े पत्रकारों की भूमिका पर सवाल उठाया था। गलती का जब एहसास हुआ तो हम आपत्तिजनक पोस्ट को हटा दिए। उक्त संदर्भ में- थाना अध्यक्ष सहजनवा संतोष कुमार यादव ने कहा कि ग्राम विकासअधिकारी के आपत्तिजनक पोस्ट को संज्ञान लेते हुए मुकदमा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है । देश की मीडिया को इस प्रकार अपमानित नहीं किया जा सकता। मीडिया हमारे देश का चौथा स्तंभ है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में निकाली रैली, दिया स्वच्छता का संदेश

**गोरखपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को लेकर रोज नए-नए संदेश देते रहते है। और बुधवार के दिन सहजनवा के बाबूलाल जी सिंह पीजी कॉलेज भगौरा के राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के उद्घाटन के अवसर पर एक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। आपको बता दे कि इस स्वच्छता रैली को महाविद्यालय के संरक्षक राम प्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वंय सेवक और स्वयं सेवीकायें पोस्टर -बैनर लेकर, नारा देते हुए चल रहे थे। अपने देश भी साफ हो जिसमें हम सब का हाथ हो, क्लीन सिटी ग्रीन सिटी यही है मेरी ड्रीम सिटी, अपना देश साफ हो इसमें हम सब का हाथ हो। रैली महाविद्यालय के प्रांगण से निकल कर भगौरा गांव होते हुए प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बसिया पहुंची। जहां पहुचकर विद्यालय प्रांगण का छात्र-छात्राओं द्वारा साफ सफाई की गई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का स्वामी विवेकानंद के चित्र पर महाविद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेंद्र प्रसाद द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. राज कमल सिंह ने किया। इस अवसर पर सुमन कुमारी, डा राम लौट,डा प्रियंका दुबे, डा राजीव यादव,डा हिमांचल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन 16 को

**एटा।** जिला सेवायोजन अधिकारी रामखिलाड़ी ने सूचित किया है कि मिशन रोजगार के अन्तर्गत 16 फरवरी 2021 को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जिला पंचायत परिसर एटा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगभग 500 रिक्त पदों पर उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के हाईस्कूल से स्नातक, स्नातकोत्तर/आईटीआई /डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को साक्षात्कार कर चयनित की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन पोर्टल पर सेवामित्र के अन्तर्गत पंजीयन होना आवश्यक है। शैक्षिक योग्यता/आयु के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनी में ऑनलाइन आवेदन दिनांक 15.02.2021 की सांय 04 बजे तक अवश्य कर दें। ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन करने में समस्या होने पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी जो मेले में प्रतिभाग करना चाहते हैं वे अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों सहित, 2 फोटो, पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड अवश्य साथ लाएं। मेले में प्रतिभाग करने हेतु मास्क पहनना अनिवार्य है।

### विधायक का फर्जी लैटर पैड बनाया

**एटा।** अवागढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तालेवर निवासी रवेन्द्र पुत्र शिवचरन ने बताया है कि क्षेत्र के ग्राम सहनऊआ निवासी प्रमोद कुमार पुत्र मुन्नालाल द्वारा जलेसर विधायक संजीव कुमार का फर्जी लैटर पैड़ बनाकर आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रयोग किया गया। जांच में यह यह पैड फर्जी निकला। अवागढ थानाध्यक्ष का कहना है कि विधायक का फर्जी पैड बनाने के आरोपी प्रमोद के खिलाफ रवेन्द्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## शराब बनाने की फैक्टरी पर छापा एक तस्कर गिरफ्तार

**एटा।** अवैध शराब भट्ठी चलाते हुए एक शातिर व्यक्ति को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर अवैध असलहा कारतूस, 20 लीटर कच्ची शराब, यूरिया, भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण तथा करीब 200 लीटर लहन बरामद किया गया है। जैथरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्तूरपुरा जंगल नदी किनारे छापामार कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान केशराम पुत्र लालजीत निवासी ग्राम गोकुलपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया जबकि प्रदीप पुत्र आनंद बाबू उर्फकृपाल निवासी ग्राम गोकुलपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, कन्हैयालाल पुत्र किशोरी लाल, सुरेंद्र पुत्र रामवीर फरार हो गया। कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब, एक तमंचा, दो जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक किलोग्राम यूरिया, 200 लीटर पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनय शर्मा, उ.नि. योगेंद्र कुमार, उ.नि. जवाहर सिंह, मु.आ. गजेंद्र सिंह, आरक्षी बिजेंद्र सिंह, आरक्षी कृष्ण गोपाल, आरक्षी चालक सत्येंद्र सिंह शामिल रहा।

## दहेज की खातिर विवाहिता का उत्पीड़न

**एटा।** दहेज की खातिर विवाहिता का उत्पीड़न करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। विवाहिता के पिता ने छह ससुरालीजनों के खिलाफमामला दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है। बागवाला थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सुंदर निवासी प्यारेलाल पुत्र रघुनाथ सिंह ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी मिरहची थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दती निवासी शीलेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र सिंह के यहां की थी। विवाहोपरांत दिए गए दानदहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ।

# शासन के नवीन प्राथमिकता बिंदुओं पर समीक्षा बैठक संपन्न

**मांग**

4 ग्राम पंचायतों में बनवाए गए सामुदायिक शौचालयों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए



एटा ।

जिलाधिकारी सुखलाल भारती की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में शासन के नवीन प्राथमिकता बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त विभागों द्वारा विकास कार्यक्रमों के साथ-साथ निर्माण कार्यों में युद्ध स्तर पर तेजी लाई जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिन मार्गों पर इस वित्तीय वर्ष में मरम्मत कार्य किया गया है। उसकी सूची सत्यापन हेतु उपलब्ध कराई जाए। एसबीआई निधौलीकलां द्वारा एमडीएम कन्वर्जेंस की धनराशि लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने कहा कि जनपद के समस्त गौ संरक्षण केन्द्रों में गौवंशों की शतप्रतिशत टैगिंग की जाए। आरबीएसके सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपने समस्त कार्यक्रमों में तेजी लाए जाएं, शासन की मंशानुरूप जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। जनपद की ग्राम पंचायतों में बनवाए गए सामुदायिक शौचालयों का टीम बनाकर सत्यापन कराया जाए, इसके साथ ही ग्रामों में पुराने पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों, बारात घरों की रंगाई पुताई कर कायाकल्प कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अजय प्रकाश ने कहा कि बिना जल निगम की रिपोर्ट के जनपद में हैंडपंप रीबोर न कराए जाएं। जनपद में हैंडपम्प रीबोर के नाम पर निकाली गई धनराशि की जांच कराई जाए, एडीओ पंचायत द्वारा सूची न देने की दशा में उनके वेतन रोकने के साथ ही लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही भी सुनिश्चित कराई जाए। अमृत योजना के तहत नगर पालिका एटा द्वारा पार्कों का जीर्णोद्धार अभी क्यों नहीं कराया गया है। आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपसी तालमेल कायम रखते हुए शासन की योजनाओं को गति दी जाए। बैठक में सीएमओ डा. अरविंद कुमार गर्ग, डीडीओ एसएन सिंह कुशवाह, सीवीओ एसपी सिंह, पीडीडीआरडीए निर्मल कुमार द्विवेदी, डीसी मनरेगा प्रतिमा निमेश, डीएसटीओ रमेश चन्द्र, डीपीआरओ आलोक कुमार प्रियदर्शी, अधिशासी अभियंता जल निगम एएस भाटी, डीआईओएस मिथलेश कुमार, डीएसओ राजीव मिश्र, समाज कल्याण अधिकारी रश्मी यादव, प्रभारी बीएसए एसपी सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य सुचारु ढंग से हो रहा सम्पन्न: योगी

लखनऊ।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या में तेजी से हो रही गिरावट पर संतोष व्यक्त करते हुए कोविड-19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संक्रमण की दर में उल्लेखनीय कमी के बावजूद कोरोना का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य सुचारु ढंग से सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने टीकाकरण की इस प्रक्रिया को आगे भी भारत सरकार की गाइडलाइन्स और क्रम के अनुरूप संचालित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया है कि आज कोरोना फ्रंटलाइन वर्कर्स का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। हेल्थ वर्कर्स को कोविड वैक्सीन की सेकेण्ड डोज देने का कार्य 15 फरवरी, 2021 से प्रारम्भ किया जाएगा। प्रथम चरण में जिन हेल्थ वर्कर्स ने वैक्सीनेशन नहीं कराया है, ऐसे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टीकाकरण हेतु अवसर प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश द्वारा ई-संजीवनी एप के माध्यम से देश में सर्वाधिक ऑनलाइन कंसल्टेशन प्रदान किये जाने पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इसके माध्यम से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक में यह अवगत कराया गया कि प्रदेश में ई-संजीवनी एप के माध्यम से अब तक 05 लाख से अधिक व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श प्राप्त किया गया है, जो कि देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सा संस्थान अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। जनरल ओ0पी0डी0, सर्जरी आदि विभिन्न उपचार प्रक्रियाओं को सुचारु ढंग से संचालित किया जाए। रोगियों को चिकित्सा सम्बन्धी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों को उपचार कराने में कोई असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 21 फरवरी से जे0ई0 वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। टीकाकरण के साथ-साथ बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण से वर्तमान में इंसेफ्लाइटिस से होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आयी है। सफलता की इस दर को आगे भी बनाए रखने में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जे0ई0 वैक्सीनेशन का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्वामित्व योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में स्वामित्व योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संचालित यह योजना ग्रामीण जीवन में व्यापक बदलाव लाने में सक्षम है। इसके दृष्टिगत स्वामित्व योजना को पूरी प्रतिबद्धता से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में आमजन को उनकी आवासीय सम्पत्ति के प्रपत्र उपलब्ध कराने में स्वामित्व योजना अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्रामीण जनता को आबादी क्षेत्र में स्थित सम्पत्तियों (भवन, प्लॉट आदि) के प्रमाणित दस्तावेज प्राप्त होंगे, जिनका उपयोग बैंकों से ऋण प्राप्त करने में किया जा सकेगा। ग्रामीण इलाकों में आबादी क्षेत्र का प्रारम्भिक डाटा उपलब्ध हो जाने से विकास योजनाएं संचालित करने में सुगमता होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की प्रक्रिया को गति मिलेगी। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में ड्रोन के माध्यम से प्रारम्भिक सर्वेक्षण के साथ-साथ सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन सर्वेक्षण टीम द्वारा सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 15 फरवरी से आगरा में प्रारम्भ हो रही भारतीय सेना की भर्ती रैली के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने इस सम्बन्ध में सेना के अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन ने दिल्ली पुलिस के सम्मान में भेजी सामग्री

लखनऊ ।

किसान आंदोलन की आड़ में लोकतंत्र के महापर्व 26 जनवरी को दिल्ली के लालकिले पर अराजकतावादियों द्वारा की गयी भीषण हिंसा, दिल्ली पुलिस एवं सुरक्षा बलों पर हथियारों से किये गये घातक हमलों को शांतिपूर्वक झेलते हुए दिल्ली पुलिस ने जिस असीम धैर्य एवं दूरदर्शिता का परिचय दिया उसके सम्मान में राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन द्वारा राजधानी लखनऊ के जिलाधिकारी के माध्यम से सम्मान चिंह, सम्मान पत्र एवं सूखे मेवे दिल्ली पुलिस को सम्मान स्वरूप भेजे गये। जिलाधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के अध्यक्ष राम निवास यादव के नेतृत्व में अन्नदाता यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को उक्त सामग्री सौपी। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के कार्यकर्ता सम्मान चिन्ह, सम्मान-पत्र सूखे मेवे, काजू, बादाम, छोहारा, किशमिश, खजूर, मखाना, मूंगफली, गुड़, एवं तिल गुड, चीनी के बताशे एवं लखनऊ की प्रसिद्ध रेवड़ी भी दिल्ली पुलिस के सम्मानार्थ अपने साथ लेकर पहुँचे थे। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के अध्यक्ष राम निवास यादव ने उक्त अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी को लालकिले में जो कुछ भी घटित हुआ वो भारत विरोधियों के राष्ट्र के प्रति षडयंत्र का अंग था दिल्ली पुलिस एवं अन्य केन्द्रीय एजेन्सियों द्वारा की जा रही जाँच में उनके इरादे कितने घातक थे यह लगातार साफ होता जा रहा है, 26जनवरी को लालकिले में जो कुछ भी घटित हुआ वो भारत विरोधी अंतराष्ट्रीय साजिश का अंग था, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों व लालकिले पर तैनात अन्य सुरक्षा बलों के साथ जिस बर्बरता पूर्ण व्यवहार का प्रदर्शन अराजकतावादियों ने किया, मीडिया के माध्यम से सम्पूर्ण देश ने देखा कि हथियारों से जानलेवा हमले किये गये, लालकिला जो विश्व धरोहर श्रेणी का स्मारक है कि पूरा-संपदा को नष्ट किया गया। हमारी आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगे का अपमान किया गया। राम निवास यादव ने कहा कि अराजकतावादियों की मंशा दिल्ली पुलिस को गोलियां चलाने पर विवश करने की थी जिससे देश भर में अराजकता माहौल पैदा हो जाय। यदि दिल्ली पुलिस अभूतपूर्व संयम एवं दूरदर्शिता का परिचय नही देती तो ये अराजकतावादी अपने इरादों में कामयाब हो जाते, जिसे दिल्ली पुलिस ने विफल कर दिया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पुलिस की इस धैर्यशीलता, गम्भीरता, दूरदर्शिता, क्षमाशीलता का सम्पूर्ण भारत गुणगान कर रहा है। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन दिल्ली पुलिस द्वारा किये गये इस महान कार्य की प्रशंसा करती है और सम्मान स्वरूप सम्मान चिन्ह, सम्मान-पत्र, और मेवा मिठाई भेटकर अभिनन्दन करती है अध्यक्ष राम निवास यादव के साथ महामंत्री अवधेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष राज कुमार लोधी, अरविन्द यादव, डा0 अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, वीरेन्द्र कुमार रावत, लवकुश यादव, विमल यादव, शिव कुमार यादव, राकेश शर्मा, राकेश यादव, पुरूषोत्तम यादव पूर्व उप ब्लाक प्रमुख, बंटी यादव, मूलचन्द्र यादव, बलीराम वर्मा, राजेश यादव, रंजीत यादव, भईया लाल यादव, मनीष गुप्ता, शिवहरि द्विवेदी, राजेश अवस्थी, अमित मिश्रा, सहनवाज हुसैन, प्रदीप गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# डाले की चपेट में आकर मासूम की दर्दनाक मौत

लखनऊ




सरोजनीनगर के बिजनौर गांव में हुए हादसे में एक मासूम बच्ची की उस समय जान चली गई जब एक युवक अपने घर के सामने खड़ी कार को बैक कर रहा था। कार बाइक किए जाने के दौरान कार की टक्कर खड़े डाले हो गई और ढलान में खड़ा डाला भी आगे बढ़ गया और घर के सामने खेल रही मासूम बच्ची डाले के चपेट में आ गई जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजनौर गांव निवासी राजमिस्त्री मिथुन की 5 वर्षीय मुस्कान( बिटोला) अपने घर के सामने खेल रही थी तभी उसका पड़ोसी आशिक अली का पुत्र अपनी अल्टो कार बैक कर रहा था। कार को बैक किए जाने के दौरान कार की टक्कर खड़े डाले हो गई जिससे डाला आगे बढ़ गया और मासूम मुस्कान की डाले के चपेट में में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची मुस्कान की हुई दर्दनाक मौत के बाद आक्रोशित हुए परिजन और आसपास के लोगों ने जमकर हंगामा काटा। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर लोग बिजनौर के मुख्य मार्ग पर आ गए और आरोपी को सजा दिलाने को लेकर जिद पर अड़ गए। सड़क पर सैकड़ों की संख्या क्या मैं लोगों के एकत्रित होने से बिजनौर मार्ग पर आवागमन भी बाधित रहा। मामले की जानकारी होने पर पहुंची सरोजनीनगर और और बंथरा पुलिस ने किसी तरह से आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आवश्यक कार्यवाही की गई फिलहाल पुलिस ने आरोपी फैज को हिरासत में ले लिया है। मासूम मृतका मुस्कान के छोटे भाई 3 वर्षीय कृष्णा का आज जन्मदिन भी था घर में जन्मदिन मनाए जाने को लेकर खुशी का माहौल था हादसे में बच्चे की मौत के बाद सारी खुशियां मातम में बदल गई परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एक नज़र में

### पारम्परिक लोक गीत एवं लोक नृत्यकलाओ की प्रस्तुति दी

**लखनऊ ।** सूर्या महिला जन कल्याण समिति लखनऊ द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय लखनऊ फेस्टिवल के अंतर्गत पारम्परिक लोक गीत एवं लोक नृत्यकलाओ की उत्साहवर्धक प्रस्तुति आज संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में किया गया। आज की प्रस्तुति के मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता राज्य मंत्र, उ0प्र0 साशन और अवनीश कुमार सिंह एमएलसी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन रमा जायसवाल और इसका निर्देशन हरितिमा पंत द्वारा किया गया। संस्था का उद्देस्य पारम्परिक कलाओ का प्रोत्साहन करने की प्रस्तुति में राजस्थानी लोक नृत्य (बोल-लुक छिप ना जाओ जी) जिसमें शामिल थी आनंदी,ओजस्विता, दिव्यांशी और स्वाति। अवधी लोक नृत्य की प्रस्तुति की रिची, मोहिनी, कृतिका, हर्षिता और अल्पना ने, कुमाउँनी लोक नृत्य (बोल- तेरो लहंगा) की कला प्रस्तुति की आनंदी,ओजस्विता, दिव्यांशी और स्वाति ने। सूफी लोक नृत्य (बोल- मुर्शिद खेले होली) को मंच पर उतारने में भूमिका थी पियूष, नंदिनी, वैष्णवी, कृतिका और अंशप्रीत की।

### रेल सप्ताह पुरस्कार का आयोजन आज

**लखनऊ ।** 65वें रेल सप्ताह समारोह-2020 के अवसर पर दिनांक 12 फरवरी को पूर्वाहन 11.00 बजे, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के ÷बहुउद्देशीय हाल'' में रेल सप्ताह पुरस्कार-2020 का आयोजन किया जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल की मण्डल रेल प्रबन्धक डा0 मोनिका अग्निहोत्री विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिये व्यक्तिगत एवं ग्रुप अवार्ड, प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

### वनों की अग्नि से सुरक्षा के लिए गोष्ठियों व बैठकों का आयोजन करेंगे वनाधिकारी

**लखनऊ ।** वनों की अग्नि से सुरक्षा एवं प्रभावी रणनीति हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, समस्त वनाधिकारियों को निर्देश दिये है। स्थानीय स्तर पर गोष्ठियों व बैठकों का आयोजन कर वन अग्नि से पर्यावरण को होने वाली क्षति के सम्बन्ध में स्थानीय जनता को शिक्षित व जागरूकता स्तर में वृद्धि कर वनों की अग्नि से सुरक्षा के साथ ही वन अग्नि प्रबन्धन की आवश्यकता व महत्व के सम्बन्ध में उन्हें जानकारी दें। विभिन्न प्रसार माध्यमों का उपयोग कर वनों के समीपवर्ती ग्रामों व कस्बों में अग्निकाल की अवधि व इस अवधि में वन क्षेत्र में प्रतिबन्धित गतिविधियों का व्यापक प्रचार करने, वन क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों व निकासी चौकियों पर नोटिस लगाकर अग्निकाल की सूचना व इस अवधि में की जाने वाली सावधानियों का उल्लेख किया जाय। कार्ययोजना में उल्लिखित क्षेत्रों में नियंत्रित दाहन एवं नई अग्नि रेखाओं का निर्माण तथा रख-रखाव सुचारू रूप से करने तथा नियंत्रित दाहन को भूमि प्रबन्ध का उद्देश्य प्राप्ति के साधन के रूप में प्रयोग करने का निर्देश दिया गया।

# आरटीआई लगी तो गृह विभाग ने आनन-फानन बनाई स्टेट लेवल ओवरसाइट कमेटी

लखनऊ ।

सुप्रीम कोर्ट की साल 2018 की गाइडलाइन के अनुसार उत्तर प्रदेश के समस्त थानों में सीसीटीवी लगाए जाने के काम की निगरानी करने के लिए राज्य स्तर पर ओवरसाइट कमेटी के गठन का मामला लम्बे समय से ठन्डे बस्ते में पड़ा था लेकिन जब लखनऊ स्थित समाजसेविका और आरटीआई एक्टिविस्ट उर्वशी शर्मा ने सूचना का अधिकार कानून का प्रयोग करके बीते साल के दिसम्बर महीने की 18 तारीख को उत्तर प्रदेश के गृह विभाग में अर्जी डाली तो सूबे के सोये पड़े गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने आनन फानन में बीती 6 जनवरी को सचिव गृह विभाग के अध्यक्षता में 4 सदस्यीय स्टेट लेवल ओवरसाइट कमेटी का गठन करके बीती 8 जनवरी के पत्र के माध्यम से उर्वशी को पत्र भेजकर सूचना भी भेज दी है। उर्वशी बताती हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 में ( 2018 ) 5 एससीसी 311, मामले में सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और इस कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए ओवरसाइट कमेटियों के गठन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये थे. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह व अन्य मामले में बीते साल के सितम्बर महीने में सभी राज्य सरकारों और संघ क्षेत्रों को पार्टी बनाते हुए उनसे शफ्ही मोहम्मद मामले के अनुसार थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और ओवरसाइट कमेटियों के गठन पर जबाब माँगा था. इस सम्बन्ध में बीते साल के नवम्बर महीने तक 14 राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जबाब दिया था जिनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल था. उर्वशी ने एक विशेष बातचीत में बताया कि जब उनको पता चला कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाबजूद मानवाधिकार संरक्षण के इस महत्वपूर्ण मामले में प्रदेश सरकार सोई पड़ी है तो उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत अर्जी दी जिसके बाद प्रदेश सरकार ने कार्यवाही की है. यूपी के गृह (पुलिस ) अनुभाग- 7 के अनुभाग अधिकारी और जनसूचना अधिकारी के. एन. दुबे ने समाजसेविका उर्वशी को यह भी बताया है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रदेश के समस्त थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के सम्बन्ध में वित्तीय व्ययभार आंकलित करने आदि के सम्बन्ध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है और इस सम्बन्ध में वित्तीय स्वीकृति निर्गत होने पर स्वीकृति संबंधी शासनादेश गृह विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करा दिए जायेंगे। पारदर्शिता,जबाबदेही और मानवाधिकार संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही देश की नामचीन समाजसेविकाओं में से एक उर्वशी शर्मा कहती है कि वे लम्बे समय से पुलिस थानों, अदालतों, ट्रिब्यूनलों, आयोगों और सरकारी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मुहिम चला रही हैं और इस सम्बन्ध में हाई कोर्ट भी जा चुकी हैं. उर्वशी ने बताया कि वे सूबे के सीएम योगी को पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाए जाने के काम अपनी निगरानी में जल्द से जल्द पूरा कराये जाने का अनुरोध करेंगी।

### द ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन

# गैपियो ने किया एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स के विजेताओं का ऐलान

लखनऊ ।

द ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (गैपियो) ने सालाना गैपियो अवॉर्ड्स 2020 के विजेताओं की घोषणा की है, जिन्होंने स्वास्थ्यसेवाओं में सुधार के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। विशेष श्रेणियों में पुरस्कार के विजेताओ में श्री प्रवीण अग्रवाल (श्री प्रवीण अग्रवाल फाउन्डेशन)-डॉ प्रताप सी रेड्डी फिलान्थ्रोपी अवॉर्ड के लिए, डॉ रोहिणी हांडा- डॉ आईए मोदी अवॉर्ड के लिए, डॉ नवीन डांग, गैपियो एक्सीलेन्स इन डायग्नॉस्टिक्स अवॉर्ड के लिए, डॉ मालीगेल रामकृष्णा गिरीनाथ, गैपियो कार्ल स्टोर्ज सर्जिकल एक्सीलेन्स अवॉर्ड के लिए एवं डॉ वीएस नटराजन, गैपियो लाईफटाईम अचीवमेन्ट अवॉर्ड के लिए शामिल हैं। प्रत्येक विजेता को एक लाख रूपये, एक प्रमाण पत्र और एक ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। कार्ल स्टोर्ज सर्जिकल एक्सीलेन्स अवॉर्ड के विजेता को एक एंडोस्कोप भी देगा। डॉ मदन मोहन रेड्डी को गांवों में जॉइन्ट रिप्लेसमेन्ट सहित आर्थोपेडिक केयर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए गैपियो स्पेशल अप्रेसिएशन पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके अलावा यंग कैटेगरी में पुरस्कार के विजेताओं में डॉ सोनाली एम खोबरगाड़े और डॉ पूर्वी पारिख (संयुक्त विजेता) डॉ आई ए मोदी अवॉर्ड के लिए, डॉ निशांत हुसैन अहमद, गैपियो एक्सीलेन्स इन डायग्नॉस्टिक्स अवॉर्ड के लिए, डॉ सुशोवन बेनर्जी, गैपियो एक्सीलेन्स इन रेडियोलोजीध् रेडिएशन थेरेपी अवॉर्ड के लिए, डॉ भावुक गर्ग, गैपियो कार्ल स्टोर्ज सर्जिकल एक्सीलेन्स अवॉर्ड के लिए शामिल हैं। जिन्हें पचास हजार रूपये, एक प्रमाणपत्र और एक ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार 20 फरवरी को ग्लोबल इंडियन फिजिशियन्स कॉन्ग्रेस में दिए जाएंगे। डॉ प्रताप सी रेड्डी, फाउंडर प्रेजीडेन्ट, गैपियो और चेयरमैन अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने कहा, ''पुरस्कार विजेताओं द्वारा किया गया उत्कृष्ट कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। भारतीय मूल के फिजिशियनों का उत्साह अपने आप में बेजोड़ है और इसे सम्मानित किया जाना चाहिए। दुनिया भर में ऐसे उल्लेखनीय कार्यों के असंख्य उदाहरण हैं जो हर भारतीय को गौरवान्वित करते हैं। डॉ अनुपम सिब्बल, प्रेजीडेन्ट, गैपियो और ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर, अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप और सीनियर कन्सलटेन्ट पीडिएट्रिक गैस्ट्रोएंट्रोलोजिस्ट और हेपेटोलोजिस्ट ने कहा लिवर ट्रांसप्लान्ट से लेकर अग्रणी कार्डियक सर्जरी और र्युमेटोलोजी में अत्याधुनिक लैब सेवाओ, गैरिएट्रिक केयर और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थ्रोप्लास्टी तक, पुरस्कार विजेताओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रतिनिधित्व किया है।

# संघ की गरिमा और सदस्यों का सम्मान प्राथमिकता: द्विवेदी

लखनऊ ।

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के नव निर्वाचित अध्यक्ष इ. एन.डी. द्विवेदी के सम्म्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष इ. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि संघ की गरिमा और सदस्यों का सम्मान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा। पिछले एक दशक में जिस तरह से संघ ने अपनी गरिमा को बनाए रखते हुए संवर्ग के हितों की रक्षा की है उस परम्परा को बरकरार रखा जाएगा। राजधानी के निर्माण खण्ड दो में आयोजित सम्मान,स्वागत समारोह में खण्ड के अधिशासी अभियंता इ. प्रदीप रस्तोगी द्वारा खण्ड की ओर से नव निर्वाचित अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व खण्ड के अधिशासी अभियंता ,सहायक अभियंता इ.ए.के.सिंह, इ. ए.के. तिवारी,इ.अनुज गुप्ता आदि ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मिनीस्टिरिलय एसोशिएशन के प्रान्तीय महामंत्री मनीष पाण्डेय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन की एक स्वस्थ परम्परा रही है उस पर नव निर्वाचित अध्यक्ष खरे उतरगें इसका मुझे पूरा विश्वास है। समारोह का संचालन कर रहे इ. आर.के. वाजपेई ने नव निर्वाचित अध्यक्ष के पिछले अतिरिक्त महामंत्री के कार्यकाल में किए गए विशेष संघ हितों की चर्चा करते हुए बताया कि नव निर्वाचित अध्यक्ष कानून के जानकार है इसलिए इस संवर्ग के साथ अधिकारी भी अहित करने से पहले सौ बार सोचेगा। इस अवसर पर वित्तमंत्री इ. उदित भटनागर, चेयरमैन संघर्ष समिति इ. सत्येन्द्र त्रिपाठी, आदि उपस्थित थे।

# भारत ने मुझे नई कहानियां दी और कनाडा ने मुझे व्यक्त करने की आजादी: फिल्म निर्माता दीपा मेहता

लखनऊ ।

कोलकाता की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था 'प्रभा खेतान फाउंडेशन' द्वारा आयोजित और सीमेंट द्वारा प्रस्तुत 'एक मुलाकात विशेष' के ऑनलाइन सत्र को वर्चुअली संबोधित करते हुए फिल्म निर्माता दीपा मेहता ने कहा, मेरे जीवन में भारतीय सिनेमा के प्रति मेरा लगाव हमेशा से काफी ज्यादा रहा है। जब मैं एक एनआरआई नागरिक बन गयी, तब मै भारतीय सिनेमा में काफी ग्राउंडेड भी हो गयी थी। क्योंकि मुझे लगता है कि भारत मुझे अगर नई कहानियां देता है, तो कनाडा मुझे उन्हें व्यक्त करने की आजादी प्रदान करता है। दिल्ली की अहसास वुमन की सदस्य अर्चना डालमिया के एक सवाल के जवाब में कि, 'एक एनआरआई के रूप में आप भारतीयता पर अपने फिल्म निर्माण को कैसे ढाल रही हैं?' का वह जवाब दे देते हुए दीपा मेहता ने कहा, मैं एक अनिच्छुक कनाडाई नागरिक बन चुकी थी, तब लंबे समय तक मुझे भारत से बाहर रहना पड़ा था। इस दौरान भारत को मैने काफी मिस किया। घर को वास्तव में सुरक्षा के लिए परिभाषित किया जाता है और अगर मैं भारत में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती तो यह मेरा घर नहीं कहला सकता है। मैं एक अलग तरह की एनआरआई हूं।'एक मुलाकात विशेष' कार्यक्रम के इस ऑनलाइन सत्र की शुरूआत अहमदाबाद अहसास की महिला शाखा की तरफ से प्रियांशी पटेल ने किया। दीपा मेहता, जो अपनी फिल्म 'फायर' के लिए काफी विवादों के घेरे में आयी थी, इसके लिए उन्हें काफी नाराजगी का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भारत में उन्हें अपनी अगली आनेवाली फिल्म 'वाटर' के प्रोडक्शन को बंद करना पड़ा था। दीपा मेहता का काम निडर और उत्तेजक भरा है, जो रूढ़िवादी विचारधारा को हमेशा चुनौती देता है। उन्होंने हाल ही में नेटफ्लिक्स ओरिजिनल सीरीज और लीला के लिए पायलट का दूसरा एपिसोड शूट किया। वह इस शो की रचनात्मक कार्यकारी निर्माता भी हैं। उन्होंने एप्पल टीवी के लिए लिटिल अमेरिका के पायलट एपिसोड-'द मैनेजर' का भी निर्देशन किया। दीपा की फिल्म 'मिडनाइट्स चिल्ड्रन' को श्रीलंका में शूट किया गया था। उनकी नवीनतम फीचर फिल्म 'फनी बॉय', श्याम सेल्वादुरई द्वारा लिखित पुरस्कार विजेता उपन्यास पर आधारित है, जिसे द्वीप राष्ट्र में भी शूट किया जा रहा है। दीपा ने कहा, अब श्रीलंका के लिए मेरा प्यार बढ़ने लगा, क्योंकि भारत में उसे पसंद नहीं किया जा रहा था जो मैं करना चाहती थी। जीवन में सिनेमा के प्रति उनके लगाव की शुरुआत कैसे हुई? इस सवाल के जवाब में दीपा ने कहा, सिनेमा के लिए मेरा जुनून तब शुरू हुआ जब मैं छह साल की थी। मेरे पिता के पास पंजाब और अमृतसर में एक सिनेमा हॉल और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी थी। स्कूल के बाद

# पारिवारिक एकता महोत्सव 14 को सुरेश खन्ना होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आगामी 14 फरवरी, रविवार को 'पारिवारिक एकता महोत्सव (मेनाज)' का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना मुख्य अतिथि होंगे। उक्त जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि पारिवारिक एकता महोत्सव का उद्देश्य पारिवारिक एकता का मजबूत करने एवं भावी पीढ़ी के चारित्रिक व नैतिक विकास हेतु सम्पूर्ण समाज में ईश्वरीय वातावरण निर्मित करने का उत्साह जगाना है, साथ ही इस महोत्सव के माध्यम से यह संदेश दिया जायेगा कि चारित्रिक व नैतिक उत्थान के बगैर आदर्श समाज की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती है। सी.एम.एस. का मानना है कि स्कूलों और कालेजों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे आगे आकर किशोर एवं युवा छात्रों के मार्गदर्शक बने और एक स्वच्छ, स्वस्थ तथा चारित्रिक गुणों से ओतप्रोत समाज का निर्माण करें। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय पारिवारिक एकता महोत्सव के अन्तर्गत 3 से 14 वर्ष आयु के छात्रों एवं उनके परिवार के सदस्यों के बहुत ही रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। सभी प्रतियोगिताएं ऑफलाइन आयोजित की गई हैं एवं इन प्रविष्टयों को ऑनलाइन अपलोड किया गया है, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ प्रवृष्टियों को आगामी 14 फरवरी को मेनाज के ऑनलाइन पुरस्कार वितरण समारोह में पुरष्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। मेनाज की विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने बड़ी संख्या में अपनी प्रवष्टियां भेजी हैं। इन प्रतियोगिताओं में मिसलेनी, पपेट शो, बायोग्राफी, पोर्टेऊचर, किचनेट, एरोबेटिक्स, फ्रोलिक (नृत्य) एवं योडल (एकल गायन) आदि प्रमुख हैं।

# संपादकीय

## गर्म होती धरती

जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान की समस्या विकराल होती जा रही है. रिकॉर्ड के अनुसार, 2016 के साथ वैश्विक महामारी से जूझता 2020 का साल सबसे गर्म साल रहा है. बीते सात साल भी अब तक के सबसे गर्म साल रहे हैं. साल 2020 के तापमान का इतना अधिक होना अचरज की बात है क्योंकि पिछले साल महीनों तक भारत समेत कई देशों में लॉकडाउन की वजह से औद्योगिक व कारोबारी गतिविधियां लगभग बंद थीं तथा यातायात भी न के बराबर था. नासा के अध्ययन के मुताबिक, 19वीं सदी से अब तक धरती के तापमान में दो डिग्री फॉरेनहाइट (1.2 डिग्री सेल्सियस) की बढ़त हो चुकी है. ऐसे में बीते छह दशकों से अधिक समय में भारत में जनवरी का सबसे गर्म महीना होना बेहद चिंताजनक है. दक्षिण भारत में तो 121 सालों में यह महीना सबसे अधिक गर्म रहा है. पृथ्वी के तपते जाने की वजह से समुद्री बर्फ और ग्लेशियर पिघल रहे हैं, गर्म हवाएं चल रही हैं तथा पौधों व पशुओं के प्राकृतिक ठौर-ठिकानों में बदलाव हो रहा है. भारत समेत अनेक एशियाई देशों में बाढ़ और सूखे की बढ़ती बारंबारता और बेमौसम की बारिश का कारण भी तापमान का बढ़ना है. इसी वजह से जलवायु परिवर्तन हो रहा है, समुद्री जल-स्तर ऊपर उठ रहा है तथा तटीय इलाकों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है. उत्तराखंड की हालिया त्रासदी का सीधा संबंध भी बढ़ते तापमान से है. वर्ष 2015 में हुई पेरिस जलवायु समझौते से उम्मीद बंधी थी कि जल्दी ही इन चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाये जायेंगे, लेकिन पांच सालों में कोई संतोषजनक पहल नहीं हो सकी है. हालांकि भारत ने स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को कम करने का संकल्प लिया है तथा इस दिशा में कुछ प्रयास भी हुए हैं, किंतु उनकी गति धीमी है।

परंपरागत ईंधनों से जहां कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं इसकी वजह से लोगों की जानें भी जा रही हैं तथा गंभीर बीमारियां पैदा हो रही हैं. एक ताजा शोध में बताया गया है कि 2018 में दुनियाभर में 87 लाख लोग ऐसे ईंधनों के प्रदूषण से मरे थे. इस कारण हमारे देश में औसतन लगभग पांच मौतें रोज होती हैं. साल 2018 में यह आंकड़ा 24.6 लाख रहा था. भारत में सभी मौतों में से करीब एक-तिहाई मौतें प्रदूषण से होती हैं.कम प्रदूषण की स्थिति में कई कोरोना संक्रमितों की जान बचायी जा सकती थी. पिछले साल प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित 30 शहरों में 21 भारत में हैं. हमारी नदियों में भी प्रदूषण बढ़ रहा है और वन क्षेत्र सिमट रहे हैं. हमें विकास के साथ प्रकृति और पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित कर धरती के तापमान को कम रखने के वैश्विक प्रयासों को तेज करना होगा. यह समस्या मनुष्य ने पैदा की है और अगर मानव जाति के अस्तित्व को बचाना है तथा भावी पीढ़ियों को सुरक्षित जीवन देना है, तो सभी को इसके समाधान के लिए तत्पर होना होगा।

## भारत के 2021-22 का बजट मोदी सरकार के लिए एक बड़ा जुआ

सरकार के 2021-22 के बजट अनुमानों के पीछे बहुत सी धारणाएं भारत के नए बजट को एक बड़ा जुआ बनाती हैं। आगामी वित्त वर्ष में 34.83 लाख करोड़ रुपये 2021-22 में 19.76 लाख करोड़ रुपये की प्राप्तियों (उधार के अलावा) के अधीन है, जो कि 2020-21 के संशोधित अनुमान से 23 प्रतिशत अधिक है। 2020-21 में प्राप्तियों के लिए संशोधित अनुमान महामारी के कारण वर्ष के लिए मूल बजट अनुमानों से 29 प्रतिशत कम थे। 2021-22 के लिए बजट प्राप्तियों का लक्ष्य पूरी तरह से इस महत्वपूर्ण धारणा पर आधारित है कि नॉमिनल जीडीपी 14.4 प्रतिशत बढ़ेगा। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के अपने मुख्य आर्थिक सलाहकार जीडीपी के पूर्वानुमान के आधार पर भिन्न-भिन्न राय रखते हैं। राजस्व पक्ष के अनुमानों ने प्रत्यक्ष करों में 1.6 गुना के कर उछाल का लक्ष्य रखा है। सकल कर राजस्व में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, मुख्य रूप से प्रत्यक्ष करों में 22 प्रतिशत की वृद्धि की धारणा के कारण। वास्तविक राजकोषीय घाटा, वित्त पोषण के तरीके और संभावित मुद्रास्फीति दबाव, जुआ के अन्य क्षेत्रों को रोकते हैं। यदि चालू वित्तीय वर्ष बिल्कुल असामान्य था, तो यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि अर्थव्यवस्था जल्द ही आगामी वित्त वर्ष में बड़े पैमाने पर सख्ती के साथ वापसी करेगी। घाटे के वित्तपोषण का तरीका एक प्रमुख चिंता का विषय है। बजट घाटे का प्रक्षेपण काफी बड़ा है। राजकोषीय घाटा 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत पर लक्षित है, जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 9.5 प्रतिशत से नीचे है। इस साल के राजकोषीय घाटे को सरकारी उधार, बहुपक्षीय उधार, छोटी बचत निधि और अल्पकालिक उधार द्वारा वित्त पोषित किया गया है। 2021-22 में सरकार ने राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण की योजना कैसे बनाई? 2020-21 में बहुपक्षीय उधारी की सीमा क्या थी?राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण मुख्य रूप से उच्च बाजार उधार, विनिवेश और आयात शुल्क और उपकर सहित अप्रत्यक्ष करों से प्राप्तियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 12.73 लाख करोड़ रुपये में से अगले वित्त वर्ष के लिए शुद्ध उधारी 9.67 लाख करोड़ रुपये तक कम होने का अनुमान है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए उधार लक्ष्य अभी भी बहुत बड़ा है। यह विशेष रूप से वर्तमान संदर्भ में ऐसा है जहां वैश्विक रेटिंग एजेंसियां स्टैंडर्ड एंड पूअर्स, मूडीज और फिच की वर्तमान में भारत में सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है, जो केवल श्जंकश् से एक पायदान ऊपर है। नए उधार की वास्तविक लागत क्या होगी? क्या बड़े विदेशी उधार के लिए जाना सुरक्षित है? कोई स्पष्ट उत्तर नहीं है। हो सकता है, सरकार के लिए यह सही होगा कि वह बैंक और कॉरपोरेट फिक्स्ड डिपॉजिट और डिबेंचर की तुलना में बेहतर निवेश विकल्पों की तलाश में जनता के साथ सरप्लस फंड को प्राप्त करने के लिए स्थानीय रूप से दीर्घकालिक रूप से बॉन्ड, टैक्स-फ्री बॉन्ड जारी करे।यदि सरकार बहुपक्षीय स्त्रोतों से भारी ऋण लेना जारी रखती है, तो देश के बाहरी ऋण में इसका हिस्सा बहुत बढ़ जाएगा। भारत पर खराब निवेश ग्रेड रेटिंग विदेशी उधार की लागत को प्रभावित करेगी। एक और रुपया अवमूल्यन ऋण सर्विसिंग के लिए चीजों को बदतर बना देगा। 2019-20 तक चीजें प्रबंधनीय थीं, जब संप्रभु ऋण वास्तव में सिकुड़ गया था। 31 मार्च, 2020 तक भारत का कुल विदेशी ऋण 2.8 प्रतिशत बढ़कर सालाना 558.5 बिलियन डॉलर हो गया, जिसका मुख्य कारण वित्त मंत्रालय के अनुसार वाणिज्यिक उधारों में वृद्धि है। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बाहरी ऋण वित्त वर्ष 20 में 20.6 प्रतिशत बढ़कर 19.8 प्रतिशत एक साल पहले हो गया। बाह्य सहायता के तहत बहु-पार्श्व और द्विपक्षीय स्त्रोतों से ऋण 4.9 प्रतिशत सालाना बढ़कर 87.2 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2015 में गैर-संप्रभु ऋण 4.2 प्रतिशत बढ़कर 457.7 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्यिक उधार 6.7 प्रतिशत बढ़कर 220.3 बिलियन डॉलर हो गया। कर्ज प्रबंधन सरकार के लिए एक कठिन काम होने जा रहा है। वर्तमान व्यवसाय परिदृश्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने की संभावना नहीं है। भारत का व्यस्त आर्थिक मौसम अगले महीने तक खत्म हो जाएगा फिर, सुस्त मौसम शुरू होता है। अगला व्यस्त मौसम सितंबर के अंत तक ही आएगा। हालांकि, बहुत कुछ गर्मियों के मानसून के व्यवहार पर निर्भर करेगा, जो पिछले तीन वर्षों में कम या ज्यादा स्थिर रहा था। इस वर्ष के दौरान किसानों के लिए समृद्ध क्षेत्रों में लंबे समय तक सूखा या अपर्याप्त बारिश आर्थिक विकास के अनुमानों और सरकार के राजस्व संग्रह लक्ष्यों को काफी प्रभावित कर सकती है। अर्थव्यवस्था पहले से ही कृत्रिम रूप से उच्च पेट्रोल और डीजल की कीमतों के तहत फिर से चमक रही है जो आने वाले वर्ष में खपत की कमी के लिए बाध्य है। उपभोग की बाधाएं उत्पादन और रोजगार को प्रभावित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट के बाद के प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पिछले साल रोजगार खो चुके लोगों से पीएफ खाते में नियोक्ताओं को दी गई रकम के बाद उन्हें नौकरी मिलने की उम्मीद है। हालांकि, जमीन पर, चीजें आसान नहीं दिखती हैं।

# हिमालय की एक और चेतावनी

- दिनेश जुयाल

**चार धाम परियोजना में अब सरकार ने चीन का हौव्वा खड़ा कर रक्षा मंत्रालय को भी मोर्चे पर लगा दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल काला जैसे अफसर सेना के बहाने को बेतुका मानते हैं। उत्तराखंड के सीएम रह चुके मेजर जनरल खंडूरी यह कहकर बात टालते हैं कि यह तो चार धामों की सड़क है, जब सेना के लिए सड़क बनेगी तो सेना की राय ली जायेगी। थल सेना अध्यक्ष रहते हुए विपिन रावत ने कह ही दिया था कि सेना को मूव करना होगा, तो ऐसे भी कर लेगी।**

जिस ऋषिगंगा प्रोजेक्ट और विष्णुप्रयाग प्रोजेक्ट को रोकने के लिए उत्तराखंड के लोगों ने लंबी लड़ाई लड़ी, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने भी एक बार रोक दिया था, उन्हें गुस्साए हिमालय ने आखिरकार अपनी गंगा के वेग से बहा दिया, वर्ष 2014 में इनके साथ ही 24 बांधों का काम रोका गया था। वर्ष 2013 में पूरे उत्तराखंड में हुए जल प्रलय में भी इन दोनों परियोजनाओं को नुकसान हुआ था, इसके बाद एक-एक कर परियोजनाओं को फिर हरी झंडी मिलने लगी। ऋषिगंगा पर एक प्रोजेक्ट तो बन गया, लेकिन दो रोक दिये गये, जाहिर है, बने होते तो ये भी बह गये होते। पांच सौ तीस मेगावाट के विष्णुप्रयाग प्रोजेक्ट पर काम चल ही रहा था। यहां भी कई हजार करोड़ फिर से बह गये। उत्तराखंड पिछले 45-50 सालों से लगातार हिमालय को बचाने की आवाज दे रहा है। हिमालयपुत्रों की ये आवाजें इस देश की सर्वोच्च अदालत में एक बार नहीं कई बार गूंजी, लेकिन समय पर ठीक से सुनी नहीं गयीं और फिर हिमालय ने बड़े हादसों के रूप में चेतावनियां दीं। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा और अब ऋषिगंगा की बाढ़ ऐसी ही चेतावनियां हैं। चार धाम परियोजना पर भी सुप्रीम कोर्ट की हाइपावर कमेटी की सिफारिशों पर पानी डालते हुए काम जारी है। ताजा हादसा चिपको आंदोलन की जननी गौरा देवी के गांव के पास हुआ है। यहीं से हिमालय के संरक्षण के लिए अनपढ़ महिलाओं ने 1974 में पेड़ों से लिपट कर चिपको आंदोलन शुरू किया था। सुंदरलाल बहुगुणा और चंडीप्रसाद भट्ट की प्रेरणास्थली है यह। आज उस रैणी गांव समेत करीब तीस गांव और मजरे शेष भारत से कट गये हैं। फौज को चीन सीमा तक पहुंचाने वाला पुल भी नहीं बचा। नंदा देवी पर्वतमाला को घेरे ऊंची चट्टानों के बीच से बहुत ही वेग और पतली धार से निकलने वाली ऋषिगंगा यहीं से कुछ आगे बाहर निकलती है।

परियोजना के लिए बन रही सुरंगों के धमाकों से परेशान यहां के लोगों की आवाज सुनकर ही पर्यावरणविद् चंडीप्रसाद भट्ट और वैज्ञानिक नवीन जुयाल सर्वोच्च न्यायालय तक गये थे। आगाह किया, पर किसी ने नहीं सुनी और नतीजा सामने है। ऋषिगंगा परियोजना के 46 लोग यहीं आसपास से नदी की धार में खो गये। यहां से और आगे तपोवन के पास बन रहे विष्णुप्रयाग प्रोजेक्ट में कंपनी के लोगों ने 203 लापता लोगों की सूची बनायी है। उत्तराखंड में रिमोट सेंसिंग केंद्र की जिम्मेदारी है। ग्लेशियरों की गतिविधियों पर नजर रखना उसका ही दायित्व है, लेकिन उनकी नजर में कुछ नहीं है। हादसे से साफ है कि यह एक फ्लैश फ्लड था, यानी अचानक कहीं रुका हुआ पानी पूरे वेग से बाहर निकला। अब अगर वहां कुछ दिनों से कोई झील बन रही थी या किसी झील में हिमस्खलन या ग्लेशियर के टुकड़े के गिरने से दबाव बना तो उसमें समय लगा होगा। केदारनाथ हादसे की तरह इस हादसे की सही वजह कुछ समय बाद ही पता चलेगी। आपदा के बाद प्रधानमंत्री ने चिंता जाहिर कर दी और उत्तराखंड के लोगों के साथ होने का अहसास दिलाया। मुख्यमंत्री ने हवाई दौरा कर आश्वस्त किया कि मैदानों तक बाढ़ नहीं पहुंचेगी। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीएसएफ और प्रशासनिक मशीनरी काम में जुट गयी। कुछ शव, कुछ मानव अंग किनारों से बटोरे गये हैं। नुकसान का आकलन हो रहा है। आपदा राहत की एक खेप का एलान हो चुका है। अब सवाल ये है कि हिमालय की इस नयी चेतावनी के बाद सरकार क्या कर रही है और क्या करेगी? क्या ऋषिगंगा प्रोजेक्ट फिर से बनेगा? क्या विष्णुप्रयाग परियोजना को हुए करोड़ों के नुकसान की भरपाई के बाद फिर वही 530 मेगावाट के प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा या अबकी बार उससे भी बड़ा बांध बनाने की सोचेंगे? क्या दूसरी परियोजनाओं की फिर से समीक्षा होगी? कुछ बांध परियोजनाएं रद्द होंगी? क्या चार धाम प्रोजेक्ट पर अब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप काम होगा? पर्यावरण के मानक, भगीरथी इको सेंसिटिव जोन के प्रावधानों, सड़क परिवहन मंत्रालय के अपने कायदे (2018 का नोटिफिकेशन), इंडियन रोड कांग्रेस और हिल मैनुअल के प्रावधानों को लागू किया जायेगा? ऐसा लगता तो नहीं है। चार धाम परियोजना में अब सरकार ने चीन का हौव्वा खड़ा कर रक्षा मंत्रालय को भी मोर्चे पर लगा दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल काला जैसे अफसर सेना के बहाने को बेतुका मानते हैं। उत्तराखंड के सीएम रह चुके मेजर जनरल खंडूरी यह कहकर बात टालते हैं कि यह तो चार धामों की सड़क है, जब सेना के लिए सड़क बनेगी तो सेना की राय ली जायेगी। थल सेना अध्यक्ष रहते हुए विपिन रावत ने कह ही दिया था कि सेना को मूव करना होगा, तो ऐसे भी कर लेगी। साजो-सामान एयर लिफ्ट हो जाता है। तो फिर कई जगह तीखी ढलान वाले पहाड़ पर 900 किलोमीटर की 12 मीटर चौड़ी सड़क के लिए इतनी जिद क्यों है? इतने आंदोलनों और अदालतों में हार के बाद भी हिमालय पर बांध बनाते जाने की जिद क्यों? डॉ जीडी अग्रवाल अविरल गंगा के लिए 115 दिनों के उपवास के बाद दम तोड़ देते हैं, सरकार को फर्क नहीं पड़ता। सरकार को वैज्ञानिकों की बात समझ में नहीं आती। प्रोफेसर शेखर पाठक हिमालय के इनसाइक्लोपीडिया हैं। उनकी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक हरी भरी उम्मीद में तफ्सील से हिमालय की पीड़ा के साथ वो सारे तथ्य हैं जिनसे कथित विकासजीवियों की आंखें खुल जायेंगी। डॉ नवीन और प्रोफेसर एसपी सती जैसे हिमालय के अध्येता वैज्ञानिकों की लेखमालाएं हैं। चंडीप्रसाद भट्ट जैसे बुजुर्ग अभी हमारे बीच हैं। सरकार इन आवाजों को सुनना ही नहीं चाहती। बांधों के लिए हिमालय के अंदर 700 किलोमीटर से ज्यादा की सुरंगें खोदी गयी हैं। विकास की इतनी जल्दी है कि हिमालय को समझने में समय नहीं गंवाना चाहते। पंचेश्वर जैसा विशाल बांध बनाने की जिद कायम है। मैंने पिछले साल खुद क्षेत्र का दौरा कर लोगों से बात की। लोग बांध के रूप में तबाही नहीं चाहते, लेकिन सरकार कहती है कि जनता ने हरी झंडी दे दी है। दरअसल हजारों-करोड़ों बिछाने में जिन लोगों का फायदा होता है वे जिस भी खेमे में, जिस भी हैसियत में हों, बहुत बलवान हैं।

# दिन फिरे हैं फकत वजीरों के

- सर्वमित्रा सुरजन

पाठक याद करें कि प्रधानमंत्री ने सदन के भीतर रामायण सीरियल जैसी हंसी, रेनकोट पहन कर नहाने जैसी बातें कहीं है। बहरहाल 8 फरवरी 2021, सोमवार, को उन्होंने संसद के उच्च सदन राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण दिया। लेकिन उसमें बड़े कुटिल अंदाज में देश के सारे जरूरी मुद्दे या तो गायब कर दिए गए या फिर उन्हें गैरजरूरी साबित करने की कोशिश की गई। संसद में अब तक हुई चर्चाओं की कोई झलक, उन पर कोई विचार उस भाषण में नहीं दिखा। बल्कि वह स्कूल-कालेज की वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया भाषण नजर आया। जिसमें प्रतियोगियों के पास पहले से विषय रहते हैं और वे उसी अनुसार अपना भाषण तैयार कर लेते हैं। इनमें से कुछ वक्ता टेबल पर हाथ ठोंक कर, हाथ नचा-नचा कर, आवाज में उतार-चढ़ाव लाकर श्रोताओं-निर्णायकों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। उनकी कही बातों में दम हो या न हो, उनका मसखरापन ही कई बार काम कर जाता है।

लेकिन इन प्रतियोगिताओं में भी विषय से भटकने वाले या विपक्षियों पर अनर्गल आरोप लगाने वाले वक्ताओं के अंक कट जाते हैं। संसद में इस वक्त ऐसी कोई गुंजाइश नहीं दिख रही है। मोदीजी के भाषण के चुटीले अंदाज के कसीदे कई लोग पढ़ रहे हैं। संसद में तो उनकी पार्टी के सांसदों ने मेज थपथपाकर, ठहाके लगाकर उनकी बातों का मजा लिया ही, मीडिया के बहुत से लोग उनकी भाषण शैली के कायल हो रहे हैं। इशारों-इशारों में विपक्ष की खिंचाई मोदीजी ने कैसे की, इसकी चर्चा हो रही है। इसमें यह बात भुलाई जा रही है कि देश में पिछले एक साल से कैसा माहौल है और इस वक्त राजधानी के हालात कितने संगीन हैं। क्या ऐसे में देश के प्रधानमंत्री को गंभीर चर्चा छोड़कर हंसी-मजाक से अंक बटोरने की कोशिश करना चाहिए। राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के अंत में कहा कि- सदन में जिस तरह चर्चा हुई... और मैं सच बताता हूं। चर्चा का स्तर भी अच्छा था। मुझ पर भी कितना हमला हुआ। लेकिन मुझे बहुत आनंद हुआ कि मैं कम से कम आपके काम तो आया।श् एक तो कोरोना के कारण ज्यादा जाना-आना होता नहीं होगा... फंसे रहते होंगे... और घर में भी खिच-खिच चलती होगी। अब इतना गुस्सा यहां निकाल दिया तो आपका मन कितना हल्का हो गया। आप घर के अंदर कितनी खुशी-चौन से समय बिताते होंगे। तो ये आनंद जो आपको मिला है... इसके लिए मैं काम आया ये भी मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। और मैं चाहूंगा कि ये आनंद लगातार लेते रहिए। चर्चा करते रहिए.... सदन को जीवंत बनाकर रखिए। मोदी है मौका लीजिए...। क्या ये शब्द एक लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के होने चाहिए। घर की खिच-खिच का गुस्सा जनप्रतिनिधि संसद के भीतर निकाल लें, क्या हमारा लोकतंत्र इतना नीचे गिर चुका है। क्या सत्तापक्ष का विरोध इसलिए विपक्षी सांसद करते हैं, क्योंकि वे घर के माहौल से परेशान हैं। संसद के एक सत्र के संचालन में एक मिनट का खर्च लगभग ढाई लाख रुपए होता है, यानी पूरे सत्र के संचालन में करोड़ों रुपए जनता की गाढ़ी कमाई से लग जाते हैं। यह खर्च क्या इसलिए होता है कि सांसद अपने मन की भड़ास निकाल लें, क्या संसद का वक्त देशहित के फैसले लेने में नहीं होना चाहिए। मोदी है मौका लीजिए, ये किस किस्म की शब्दावली है। सदन में नाम नहीं पद का सम्मान है, पद की मर्यादा है। और प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति का दायित्व सांसदों के मूड स्विंग्स संभालने का नहीं है, बल्कि देश संभालने का है। जिसमें फिलहाल मोदीजी और उनकी सरकार पूरी तरह नाकाम नजर आ रही है। इसलिए मसखरी का सहारा लिया जा रहा है। बीते एक साल में देश लॉकडाउन के कारण आर्थिक तौर पर पिछड़ा ही, लाखों लोगों के लिए जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया। लाखों प्रवासी मजदूर तो घर में खिच-खिच का अनुभव ही नहीं कर पाए, क्योंकि वे बेरोजगार होने के साथ-साथ बेघर भी हो गए। इस वक्त देश की अर्थव्यवस्था को थोड़ा-बहुत सहारा कृषि क्षेत्र से मिला। लेकिन अब देश के हजारों किसान ढाई महीनों से राजधानी की सीमाओं पर जमा हैं। सरकार ने उनसे एकालाप को संवाद नाम दिया और इस तरह 12 दौर की वार्ता हुई, ऐसा देश को बताया गया। हालांकि इन वार्ताओं से कोई नतीजा नहीं निकला और अब अगली वार्ता का कोई ठिकाना नहीं है। अब मोदीजी ने सदन से फिर बातचीत की बात कही, लेकिन साथ ही ये कह दिया कि आंदोलन खत्म कीजिए। यानी सरकार ने साफ कर दिया है कि वो कृषि कानून वापस नहीं लेगी। कृषि कानून संसद में जिस तरह के पारित हुए, उस पर शिकायत करने वालों की तुलना मोदीजी ने शादी में रूठी फूफी से कर दी और ये कहा कि इतना बड़ा परिवार है, तो ये रहता ही है। क्या संसद में बिना चर्चा के, मतदान के केवल ध्वनिमत के सहारे कानून पारित करवाना, जिससे करोड़ों लोगों की जीविका जुड़ी है, इतना हल्का मामला है, कि उसकी तुलना पितृसत्तात्मक समाज में चली आ रही शादी की परंपराओं और रिवाजों से की जाए। मोदीजी किसी नुक्कड़ पर नहीं, सदन में चर्चा कर रहे थे। उस सदन में जहां भारत की विराट विविधता के जनप्रतिनिधि पहुंचते हैं। लेकिन मोदीजी उस विविधता को अब तक समझ ही नहीं पाए हैं। इसी तरह से भारत की या लोकतंत्र की खासियतों से भी नावाकिफ हैं। हालांकि बुधवार को लोकसभा में अपने धन्यवाद भाषण में प्रधानमंत्री ने यह दावा किया कि हमारे हर प्रयास में लोकतंत्र का भाव है। उन्होंने लोकतंत्र को हमारी रगों और सांसों में बुना हुआ बताया। लेकिन लोकतंत्र की एक खास पहचान अभिव्यक्ति की आजादी को मोदी सरकार में अक्सर देशद्रोह का नाम मिल रहा है। सरकार विरोध का सुर सुनना नहीं चाहती और लोग अगर अपनी मांग को लेकर आंदोलन करने लगें, तो अब उसे भी अपराध की तरह देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने सदन में आंदोलकारियों को आंदोलनजीवी नाम दिया। उन्हें परजीवी बताया। गृहमंत्री अमित शाह ने एक बार घुसपैठियों के लिए दीमक शब्द का इस्तेमाल किया था, अब प्रधानमंत्री विरोधियों को परजीवी कह रहे हैं। हमें समझ लेना चाहिए कि लोकतांत्रिक मूल्य देश में कितने नीचे पहुंच गए हैं।आंदोलनजीवी शब्द से नाराजगी स्वाभाविक थी और इसके बाद सोशल मीडिया पर इस बयान की निंदा, खिंचाई और जवाब देने का सिलसिला शुरु हो गया। किसी ने खुद को गर्व से आंदोलनजीवी बताया, किसी ने गांधीजी के आंदोलनों की याद दिलाई, किसी ने माफीजीवी, दंगाजीवी जैसे शब्द ईजाद किए। सारा खेल दरअसल यही था। भाजपा यही चाहती है कि वह एक दांव चले और सब उसमें किसी न किसी तरह उलझते चले जाएं। इससे पहले अवार्ड वापसी गैंग, टुकड़े-टुकड़े गैंग, अर्बन नक्सल, एंटी नेशनल, जैसे कितने दांव इसी तरह उसने चले और लोग उनका जवाब देने में ऐसे उलझे कि असल मुद्दों से ध्यान ही भटक गया। सरकार अपने से सवाल पूछने वालों को चाहे जिस नाम से पुकार ले, संविधान ने सवाल पूछने का, विरोध करने का हक हरेक हिंदुस्तानी को दिया है और यह हक तभी छीना जा सकेगा, जब देश में लोकतंत्र खत्म हो जाए। सरकार अपनी मर्जी का संविधान बना ले, और उसे जबरन लोगों पर थोप दे। तो इस वक्त लोकतंत्र में यकीन रखने वालों का सारा ध्यान इसे बचाने पर होना चाहिए। आंदोलनजीवी जैसे शब्दों का जवाब तभी सरकार को मिल जाएगा।

हबीब जालिब ने कहा है-
वही हालात हैं फकीरों के
दिन फिरे हैं फकत वजीरों के
साजिशें हैं वही खिलाफ-ए-अवाम
मशवरे हैं वही मुशीरों के।

# आज का राशि फल




**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। कुछ नई योजनाओं हेतु मन उत्साहित होगा। अपने अंदर कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**बृषभः-** व्यवसाय में नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। प्रगति के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुनः-** अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। शंकाएं संबंधों मे कटुता पैदा करेंगी। संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार है।

**कर्कः-** किसी नए संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**सिंहः-** अपने आस-पास के वातावरण में अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। शासन-सत्ता के दिशा में केन्द्रित व्यक्तियों के लिए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्याः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। कुछ पुरानी अवरोधित कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। समस्याओं के बादल छडते नजर आएंगे।

**तुलाः-** बहुत दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। राजनीतिज्ञो के लिए ग्रहो का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिकः-** प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में अत्यधिक ब्यय के योग है।

**धनुः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। गुप्त बिरोधियों से सतर्कता अपेक्षित है। नए संबंधों से आप मे नए उत्साह का संचार होगा। मांगलिक कायरे हेतु प्रयत्न सार्थक होंगे।

**मकरः-** कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। परिवार में अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बेगा। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। सुन्दर आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नकारात्मक चिन्ताओ को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा। ब्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वपूर्ण कायां को कल पर न टालें। कार्य क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। नवीन कायरे मे रुचि बढ़ेगी। घर-परिवार में खुशी का वातावरण होगा।

# डीजल घोटाले में पूर्व केयरटेकर और सुपरवाइजर के निलंबन का आदेश

**कानपुर,**

कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) में 2.5 करोड़ के डीजल घोटाले में कमिश्नर ने पूर्व केयरटेकर और सुपरवाइजर के निलंबन का आदेश दिया है. साथ ही केडीए के उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह को विभागीय जांच शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं।

इस घोटाले में शामिल विकास प्राधिकरण के सभी कर्मचारियों खिलाफ जांच होगी. कानपुर मंडल के आयुक्त डॉ. राजशेखर को मिली शिकायत पर घोटाले की जांच कराई गई थी। आपको बता दें कि केडीए में डीजल के नाम पर करोड़ों का घोटाला सामने आया है. लेखा अधिकारी की




रिपोर्ट में बीते ढाई साल में लगभग ढाई करोड़ रुपए की अनियमितता सामने आई है।

केडीए के नए केयरटेकर के अनुसार इस वक्त महीने का डीजल खर्च लगभग 3.5 लाख आ रहा है तो वहीं इससे पहले 12.5 लाख रुपए महीने के हिसाब से डीजल का खर्च पूर्व केयरटेकर ने लगा रखा था। इसके हिसाब से लगभग सालाना डेढ़ करोड़ रुपए का घोटाला हो रहा था।

### बिजली होने के बावजूद चला जनरेटर

अगर डीजल घोटाले की बात करें तो आपको यह बात जानकर आश्चर्य होगा की पेपरों में 6 से 7 घंटा रोज जनरेटर चल रहा है. इसका मतलब यह निकलता है कि केडीए में बिजली नहीं आती है जबकि बिजली होने के बावजूद सिर्फ पेपरों में जनरेटर के नाम पर डीजल की चोरी का खेल चल रहा था।

### निलंबन की कार्रवाई में अभी लगेगा समय

इस डीजल घोटाले को लेकर कमिश्नर ने पूर्व केयरटेकर और सुपरवाइजर के निलंबन का आदेश जारी कर दिया है लेकिन अभी इसमें कुछ समय लगेगा क्योंकि सुपरवाइजर का निलंबन केडीए वीसी सीधे नहीं कर सकते. निलंबन करने के लिए संस्तुति करनी पड़ती है। संस्तुति के बाद ही शासन निलंबन कर सकता है. केडीए ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## डॉ. प्रवीन बने हेड क्वार्टर की भवन स्थायी समिति सदस्य

**कानपुर।** आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीन कटियार को आईएमए हेड क्वार्टर ने अपनी 141वीं सेंट्रल काउंसिल की मीटिंग 28 दिसम्बर को चेन्नई में हुयी। आईएमए भवन स्थायी समिति का सदस्य बनाया है। इस समिति में एक चेयरमैनए एक को.चेयरमैनए एक कन्वेनर व 9 सदस्य विभिन्न प्रदेशों से हैं। उत्तर प्रदेश राज्य से इस समिति में वह एकमात्र सदस्य हैं। इस संबंध में कार्यालय आदेश 07 फरवरी 2021 को आईएमए हेड क्वार्टर के सेकेट्री जनरल डा. जेएसएम लेले ने जारी किया है। डा. प्रवीन कटियार वर्तमान में आईएमए चैरिटेबल ब्लड बैंक मानीटरिंग कमेटी के कन्वेनर व आईएमए की भवन समिति के को.कन्वेनर हैं। आईएमए की अध्यक्ष डॉण् नीलम मिश्रा व समस्त कार्यकारिणी ने डॉ. प्रवीन कटियार के आईएमए हेड क्वार्टर की भवन स्थायी समिति का सदस्य बनने पर अत्यंत हर्ष जाताया हैं।

# कानपुर आईआईटी को मिली बड़ी कामयाबी, फूलों से बनाई कृत्रिम त्वचा

**कानपुर ।**

आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने बोगनवेलिया फूल से कृत्रिम त्वचा विकसित करने में कामयाबी हासिल की है. जो मेडिकल साइंस में मील का पत्थर साबित होगी. दुर्घटनाओं या हादसों में घायल हुए लोगों के घाव भरने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगेगा. क्योंकि आईआईटी के वैज्ञानिकों ने शोध करके कृत्रिम त्वचा तैयार कर ली है. इससे ना सिर्फ घावों को जल्द भरने में मदद मिलेगी, बल्कि खराब हो चुकी त्वचा को भी रिप्लेस किया जा सकेगा।

आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में शोधार्थी डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि उन्होंने सैकड़ों से ज्यादा फूलों और पत्तियों पर रिसर्च की, लेकिन संतोष जनक परिणाम नहीं मिला. इसके बाद जब




बोगनवेलिया पर शोध किया तब जाकर कृत्रिम त्वचा बनाने में कामयाबी मिली. बता दें किबोगनवेलिया कोपेपर फ्लावर के नाम से भी जाना जाता है। इतना ही नहीं बोगेनवेलिया के फूलों की संरचना इंसानों की त्वचा से बहुत ही मेल खाती है.बोगनवेलिया के फूलों से बनाई कृत्रिम त्वचा.बोगनवेलिया के फूलों से बनाई कृत्रिम त्वचा. प्रेरणा सिंह बताती है कि बोगनवेलिया के फूलों को लैब में इंसानी त्वचा से कल्चर करने के बाद 15 दिनों में सेल्स तैयार हो गई. उन्होंने बताया कि इस त्वचा को गहरे घावों में भर कर बाहर से टांके लगाने पर बहुत ही कम समय में घाव ठीक हो जाएंगे. इतना ही नहीं फूलों से बनी त्वचा का प्लास्टिक सर्जरी में भी बहुत उपयोग किया जा सकता ह।

कानपुर आईआईटीकानपुर आईआईटीअन्य फाइबर स्किन से किफायती है फूलों से बनी कृत्रिम त्वचा डॉ. प्रेरणा ने बताया कि अब तक मेडिकल साइंस में इस्तेमाल की जाने वाली नैनो फाइबर से तैयार कृत्रिम त्वचा बहुत ही महंगी होती है. जिसकी वजह से आम लोग अपना इलाज कराने से बचते हैं, लेकिन बोगनवेलिया के फूलों से बनी त्वचा कम कीमत के साथ बहुत ही उपयोगी है. फूलों से बनी इस त्वचा का इलाज के साथ एक और फायदा होगा।

## खबरें एक नजर में

### सामाजिक कार्यों का मूल्यांकन करना समाज की जिम्मेदारीऋपरशुराम उपाध्याय सुमन



**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष इंजीनियर ओमप्रकाश पांडे गुड्डु के नेतृत्व में गठित नई जिला कार्यकारिणी का निर्णय सराहनीय कदम है, जिसके माध्यम से जनपद मुख्यालय स्थित लीला पैलेस, सेनानी ट्रस्ट भवन में बसंत पंचमी के अवसर पर आगामी 16 फरवरी 2021 मंगलवार को दिन में 11रू30 बजे परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा सिद्धिनाथ शुक्ला एडवोकेट का सारस्वत अभिनंदन किए जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।जनपद के लब्धप्रतिष्ठित धर्मनिष्ठ पंडित उदय राज मिश्र के मार्गदर्शन में सन 1997 में गठित अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पद का दायित्व डॉ सिद्धिनाथ शुक्ल को दिया गया। तब से उन्होंने एक लंबी अवधि में अपने पद का बखूबी निर्बहन किया। डा शुक्ला ने परिषद के माध्यम से जनपद के कोने-कोने में विभिन्न बैठकें व सम्मेलन करके ब्राह्मण बंधुओं को संगठित व सुसंस्कारित बनाने का प्रयास किया। यही नहीं, सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवं तमाम विशिष्ट विद्वानों का सम्मान भी कराने में सफलता हासिल की। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं परिषद के मीडिया प्रभारी परशुराम उपाध्याय सुमन ने जिला कार्यकारिणी के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों के मूल्यांकन की जिम्मेदारी समाज की ही बनती है। परिषद की नई जिला कार्यकारिणी ने डॉक्टर शुक्ला के सामाजिक कार्यों पर दृष्टि डालते हुए उनकी उपलब्धियों को संज्ञान में लिया। ब्राह्मणों की एकता के लिए अहर्निश प्रयासरत परशुराम उपाध्याय सुमन ने परिषद से जुड़े हुए समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों सहित जनपद के जागरूक ब्राह्मण बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे भारी से भारी संख्या में समारोह में उपस्थित होकर आयोजकों का उत्साहवर्धन करें।

### मिशन 2022 को सफल बनाना ही हमारा लक्ष्यः दिनेश तिवारी

**पट्टी ।** मिशन 2022 के तहत बृहस्पतिवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने पट्टी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुकरा व ग्राम गौहानी में मिशन 2022 को लेकर मुलाकात की । इस दौरान ग्राम दुकरा में रामचंद्र सिंह एवं ग्राम गौहानी में उदयराज सिंह के यहां पहुंच कर मिशन 2022 को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श एवं चर्चा की। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने वहां उपस्थित सभी सम्मानित लोगों से अपील की कि आप सभी मिशन 2022 को सफल बनाने के लिए अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करे, दिनेश तिवारी ने कहा कि मिशन 2022 को सफल बनाना ही हमारा लक्ष्य है। इस दौरान जिला सचिव अभिनव सिंह,पट्टी विधानसभा के सचिव राजेश सिंह, उपसचिव राकेश सिंह एवं कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक आसपुर देवसरा के महासचिव राम सिंह एवं धनंजय अग्रहरी, राजन सिंह, विकास सिंह लीलामती सिंह जयप्रकाश सिंह, दीपक सिंह, विनोद कुमार सिंह, एवं नीरज पटेल आदि मौजूद रहे।

### डकैतों का मददगार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** 90 लाख की डकैती में बदमाशों को कार व बाइक उपलब्ध कराने वाले 50 हजार रुपये के इनामी को पुलिस की स्वाट टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास पुलिस ने डकैती की कुछ ज्वेलरी बरामद की। साथियों की गिरफ्तारी के बाद वह बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था।नगर कोतवाली क्षेत्र की श्याम बिहारी गली में 7 जनवरी को हुई 90 लाख रुपये कीमत की सोने की डकैती के बाद मानधाता के गोबर्धनपुर का सलमान फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक डकैती के दौरान सलमान ने बदमाशों को क्रेटा कार व बाइक उपलब्ध कराई थी। डकैती में फरार चल रहे सलमान सहित सभी बदमाशों पर पुलिस ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने मुठभेड़ में उसके दर्जनभर से अधिक साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे फरारी के दौरान सलमान की घबराहट बढ़ती जा रही थी। वह बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। बुधवार रात स्वाट प्रभारी मृत्युंजय मिश्र की टीम ने उसे रोडवेज बस अड्डे के पास गिरफ्तार कर लिया। उसके पास डकैती का बाला व झाला बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि फरारी के दौरान उसने प्रतापगढ़ के अलावा लखनऊ व प्रयागराज में भी शरण ली थी।

### भूत-प्रेत के चक्कर में बुजुर्ग दंपती को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** भूत-प्रेत कराने का आरोप लगाकर घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती की पिटाई की गई। पीड़ित ने नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।कुंडा के विक्रमपुर तिलौरी निवासी कल्लू (80) ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ घर में रहता है। उसके पड़ोसी भूत-प्रेत कराने का आरोप लगाते हुए आए दिन उसे प्रताड़ित करते हैं। बुधवार रात पड़ोसी ने अपनी बेटियों संग घर में घुसकर उसे व पत्नी फुल्ला (75) को मारापीटा। गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी

### तमंचे समेत जिला बदर धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने डीएम द्वारा जिलाबदर किये गये आरोपी को मय तमंचे व कारतूस के साथ धर दबोचा। एसएसआई रामअधार यादव गुरूवार को पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच वर्मा नगर चौराहे पर उदयपुर थाना के कुरेसी का पुरवा राहाटीकर निवासी इसरायल पुलिस को देख छिपने लगा। पुलिस ने उसे दबोचा तो उसके पास से अवैध तमंचा बरामद देख आवाक रह गयी। पूछताछ मे जानकारी हुई कि आरोपी इस समय गुण्डागर्दी को लेकर प्रशासन द्वारा जिला बदर भी किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफगुण्डागर्दी के उल्लंघन तथा आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# पुलिस कर्मियों का हुआ निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण




**कानपुर ।**

एसपी पश्चिम डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर तुलसी हॉस्पिटल के सहयोग से थाना नवाबगंज जनपद में पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मनोरोगए नेत्र विकार एवं कब्ज की शिकायत ज्यादा पाई गई जो कि समय पर भोजन और निद्रा पूर्ण ना होने के कारण पुलिसकर्मियों में इस बीमारी की अधिकता है। इस शिविर में मुख्य रूप से तुलसी हॉस्पिटल की ओर से डॉण् पी के यादव के नेतृत्व में अस्पताल के कुशल स्टाफ तथा अन्य विभागों के डॉक्टरों के द्वारा पुलिसकर्मी और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर पुलिस विभाग क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह देव थाना तथा थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत पचौरी ने थाना और सर्किल के पुलिस कर्मियों को जानकारी दी जिससे उनके परिजन भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने कैंप में उपस्थित रहे।

# दो बूथों पर आज होगा कोविड वैक्सीनेशन

**उन्नाव ।**

कोविड वैक्सीनेशन का अगला चरण 11 और 12 फरवरी को होगा। इसके लिए माइक्रोप्लान भी तैयार कर लिया गया है। 11 फरवरी को होमगार्ड, कारागार और पुलिस जवानों को कोवैक्सीन लगाने के लिए पुलिस लाइन में पांच बूथ बनाए गए हैं।

वहीं 16 ब्लाक स्तरीय सीएचसी, पीएचसी व जिला अस्पताल के 17 बूथों पर भी वैक्सीनेशन होगा। प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस जवान और निकाय के कर्मचारी के अलावा दो सेंटरों पर राजस्व कर्मियों का भी वैक्सीनेशन किया जाएगा। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि जिन फ्रंटलाइन वर्करों का वैक्सीनेशन किया जाना है, उनको पोर्टल से सूचना भेजी जाएगी।

प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल और सुमेरपुर में राजस्व कर्मियों का भी वैक्सीनेशन 11 फरवरी को किया जाएगा। कोविड वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत 16 जनवरी से हुई थी। पहले दिन पांच सत्र पर वैक्सीनेशन किया गया था। पांच कर्मियों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य था।

# तहसीलदार समेत राजस्वकर्मियों को लगा कोविड टीका, लेखपालों व अमीनों मे दिखा उत्साह

**लालगंज, प्रतापगढ़।**

स्थानीय सीएचसी परिसर स्थित ट्रामा सेंटर मे गुरूवार को कोविड टीकाकरण के तहत राजस्व विभाग के अफसरो तथा लेखपालों व अमीनों को प्रथम चरण के टीकाकरण से लाभान्वित किया गया। विभाग की ओर से सबसे पहले तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव ने टीका लगवाकर मातहत राजस्वकर्मियों की हौसला आफजाई की। वहीं लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी ने भी टीका लगवाकर साथी लेखपालों को प्रेरित किया। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने राजस्व महकमे के लिए सुनिश्चित टीकाकरण को लेकर एहतियाती प्रबन्धों की खुद देखरेख करते दिखे। समाचार भेजे जाने तक पन्चान्वें राजस्वकर्मियों को कोविड टीकाकरण के प्रथम चक्र से संतृप्त किया जा चुका है। राजस्व महकमे के लेखपालो तथा अमीनों समेत अन्य कर्मियों ने पंक्तिबद्ध होकर अपनी अपनी बारी की प्रतीक्षा करते दिखे।

### कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म को लेकर जेठ के खिलाफकेस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को विवाहिता के साथ दुष्कर्म को लेकर जेठ के खिलाफकेस दर्ज किया है। वहीं पीडिता के साथ उसके पिता की मौजूदगी मे मारपीट को लेकर पति समेत चार ससुरालीजनों को भी मुकदमें मे नामजद किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के लीलापुर चौकी के एक गांव की विवाहिता ने दी गई तहरीर मे कहा है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन बाइक तथा नकदी की मांग को लेकर उसे प्रताडित करते रहे। बीती छब्बीस जुलाई 2020 को आरोप है कि पीडिता का पति रिश्तेदारी गया हुआ था। घर मे उसे अकेली पाकर उसके जेठ राजेश गुप्ता ने उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। पीडिता के विरोध करने पर आरोपी जेठ ने उसका वीडियो वॉयरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की सूचना पति के वापस आने पर उसे दी तो आरोप है कि पति ने भी पीडिता से घटना को भूल जाने को कहा। तब पीडिता ने घटना की सूचना फोन से अपने पिता को दी। तहरीर मे कहा गया है कि इक्तीस जुलाई को उसका पिता प्रयागराज जिले के मऊआइमा थाना क्षेत्र से बेटी को घर ले जाने यहां पहुंचा। आरोप है कि पिता के आने पर पति राकेश गुप्ता, ससुर रामशिरोमणि गुप्ता व सास गोमती देवी तथा जेठानी पूजा ने उसके साथ मारपीट की। पीडिता ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी किंतु पुलिस ने केस नही दर्ज किया। इसके बाद उसने कोर्ट से इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी जेठ व पति राकेश तथा सास गोमती देवी व जेठानी पूजा के खिलाफकई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है।

### छप्पर रखने के विवाद में मारपीट, चार हिरासत में

**प्रतापगढ़।** छप्पर रखने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने मारपीट कर रहे चार लोगों को हिरासत लिया है। पट्टी थाना क्षेत्र के होशियारपुर की मीरा का पड़ोस के वीर बहादुर से जमीन का विवाद चल रहा है। आरोप है कि बुधवार शाम विवादित जमीन पर वीर बहादुर पक्ष के लोग जबरिया छप्पर रख रहे थे। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी होने के साथ मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष की मीरा देवी, सोनू व आशीष एवं दूसरे पक्ष के वीर बहादुर घायल हो गए।

### बेटी को पीटने पर दामाद को किया घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना पर पहुंचे मायकेवालों ने दामाद को लोहे की रॉड से पीटा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कुंडा के गुलाम चिश्ती का पुरवा निवासी राजाराम का पुत्र गोलू (25) कबरियागंज में किराए के मकान में पत्नी के साथ रहता है। बुधवार रात गोलू का पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि गोलू ने पत्नी की पिटाई कर दी। इससे नाराज पत्नी ने मायकेवालों को फोन कर दिया। जानकारी होने पर अघिया कुंडा स्थित मायके से पिता रमेश कुमार समेत कई लोग पहुंचे।

# जय मां सती क्रिकेट टूर्नामेंट मझिगवां, सदहा का हुआ भव्य समापन

**पट्टी,प्रतापगढ़।**

तहसील क्षेत्र के ब्लॉक आसपुर देवसरा के ग्राम मझीगवां में माता सती मंदिर के बगल स्थित बाग में जय मां सती क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया था।जिसका समापन बुधवार को हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ,और सूरज पांडेय (जनकमदज पद मसमबजतपबंस मदहपदममत) सर्वप्रथम फीता काटकर उद्घाटन किया एवं कुछ गेंद खेलकर शुभारंभ किया । इस टूर्नामेंट का आयोजन अंकुर मिश्रा, मनीष पांडे, सतीश मिश्रा, सौरभ पांडे, ऋषभ पंडित एवं शिव बाबू पांडे के द्वारा आयोजित किया गया ।यह क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतिवर्ष माता सती के मंदिर मझिगवां में बगल स्थित मैदान में आयोजित किया जाता है । जय मां सती क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में आज सदहा एवं मझिगवां के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में विजेता सदहा टीम के कप्तान को ट्राफी एवं पूर्व निर्धारित पुरस्कार जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी द्वारा एवं उपविजेता एवं सभी खिलाड़ियों को वहां पर उपस्थित युवा भाजपा नेता विमल पांडे एवं कैलाश यादव, कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष महेंद्र महेंद्र शुक्ला, कांग्रेस नेता राम लवट यादव, एकीकृत ब्राम्हण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल पांडे आदि ने सभी खिलाड़ियों को पूर्व निर्धारित पुरस्कार वितरित किए।इस दौरान पट्टी विधानसभा के उपाध्यक्ष प्रिंस सिंह,युवाओं की शान लोकप्रिय छात्र नेता सूरज पांडेय, ग्राम सभा सदहा पंडितान, और मझिगंवा के लोक प्रिय शशांक शुक्ल और साथ में अन्य साथी गण मौजूद रहे!!

### तमंचे समेत जिला बदर धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने डीएम द्वारा जिलाबदर किये गये आरोपी को मय तमंचे व कारतूस के साथ धर दबोचा। एसएसआई रामअधार यादव गुरूवार को पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच वर्मा नगर चौराहे पर उदयपुर थाना के कुरेसी का पुरवा राहाटीकर निवासी इसरायल पुलिस को देख छिपने लगा। पुलिस ने उसे दबोचा तो उसके पास से अवैध तमंचा बरामद देख आवाक रह गयी। पूछताछ मे जानकारी हुई कि आरोपी इस समय गुण्डागर्दी को लेकर प्रशासन द्वारा जिला बदर भी किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफगुण्डागर्दी के उल्लंघन तथा आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान




**कानपुर ।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर संकल्प सेवा समिति के द्वारा रक्तदान शिविर एवं फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन ट्रैफिक पुलिस लाइन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी डॉ प्रीतिन्दर सिंह विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात बसंत लाल रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए टीआई अनिल सिंह ने बताया कि शिविर का उद्घाटन डीआईजी डॉ प्रीतिन्दर सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। यातायात निरीक्षक राजवीर सिंह परिहार ने रक्तदान शिविर में सबसे पहले ब्लैक डोनेट किया। लगभग 32 पुलिस के जवानों ने रक्तदान किया है। डीआईजी डॉ प्रीतिन्दर सिंह ने रक्तदान करने के पश्चात पुलिस के जवानों की पीठ थपथपाई तथा प्रमाण पत्र भी दिए। पुलिस अधीक्षक यातायात बसंत लाल के निर्देश पर समय समय पर स्वास्थ शिविर का आयोजन आगे भी किया जाएगा। यातायात निरीक्षक राजवीर सिंह ने बताया कि रक्तदान महादान शिविर में उत्साह के साथ पुलिस की जवानों ने रक्तदान किया।

रक्तदान करके मुझे बहुत अच्छा लगा कि मेरा ब्लड किसी दूसरे के जीवन को बचाने में काम आएगा। हेल्थ चेकअप कैंप में फुल बॉडी का निशुल्क चेकअप वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया गया। तथा निशुल्क दवा भी उपलब्ध दी गई। पुलिस के परिवारों ने भी हेल्थ चेकअप कैंप में डॉक्टरों द्वारा अपनी जांच करवाई।

### मौनी अमावस्या पर बाबा धाम मे श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या को श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर मत्था टेका। वहीं मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालु धाम मे दान पुण्य भी करते दिखे। इधर मौनी अमावस्या के पर्व की सुबह से ही गांवों से लोग निजी तथा अन्य संसाधनो के जरिए स्नान के लिए जिले मे मानिकपुर तथा कालाकांकर गंगा तट पहुंचने को लेकर उत्साहित दिखे। स्नान करने के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंदिरो मे दर्शन पूजन कर पर्व को लेकर अन्नदान भी किया।

## एटीएम हैंकरो ने उडाये चालीस हजार, पीडित ने दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।**

एटीएम हैंकरों ने पीड़ित के खाते से कई किश्तो मे चालीस हजार रूपये उडा लिये। पीडित ने घटना को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली के कला भदारी निवासी जितेन्द्र कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका बडौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा मे खाता संचालित है। तहरीर मे कहा गया है कि पीडित ने नेट द्वारा खाते मे प्राप्त धनराशि मे से पैसा निकालने के लिए नगर के संगम चौराहे के पास यूनियन बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया। हालांकि पीडित का पैसा नही निकला। बाद मे मोबाइल पर संदेश आया कि उसके खाते से पन्द्रह हजार रूपये निकल गया। थोडी देर मे उपरोक्त धनराशि के जमा होने की सूचना मिली। इसके बाद दो बार मे दस दस हजार रूपये खाते से निकल गया। वहीं बाइस जनवरी की रात उसके खाते मे नेट से फिर बीस हजार रूपया आया। किंतु इसी दिन दस हजार रूपये फिर निकल गया। इसके बाद पांच हजार रूपये भी निकलने का संदेश आया। पीडित का कहना है कि उसने खाते से स्वयं धनराशि नही निकाली और न ही एटीएम कार्ड उसके द्वारा कहीं साझा किया गया। पीडित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। इस बाबत एसएसआई रामअधार यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रमोद सिंह रानीगंज कैथौला व्यापारमण्डल के अध्यक्ष तथा अनुभव महामंत्री हुये निर्वाचित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील की रानीगंज कैथौला बाजार मे व्यापारियों की बैठक मे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। इसमें प्रमोद कुमार सिंह बाबा अध्यक्ष व अनुभव गौड़ महामंत्री निर्वाचित हुये। व्यापारियों ने आम सहमति से वीरेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष तथा कमल सिंह को कोषाध्यक्ष चयनित किया। चुनाव अधिकारी लालगंज उद्योग व्यापारमण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे ने निर्वाचित पदाधिकारियों के चयन की घोषणा की। उन्होनें व्यापारियों से आपसी एकता के जरिए सुरक्षा तथा सम्मान के लिए समर्पित रहने को कहा। रामपुर बावली व्यापारमण्डल के अध्यक्ष राजू सिंह ने भी रानीगंज कैथौला के साथी पदाधिकारियो को निर्वाचित होने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद सिंह बाबा ने कहा कि वह व्यापारियों के किसी भी प्रकार के उत्पीड़न पर अपने संगठन की ओर से आर-पार का जेहाद छेडेगें। इस मौके पर शिवकुमार केसरवानी, राजू केसरवानी, दशरथ मोदनवाल, सत्येंद्र सिंह, उदय सोनी, वीरू पाण्डेय, संतोष मारवाड़ी, धीरज जायसवाल, कल्लू जायसवाल, सुनील सिंह, मोनू सिंह आदि ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों का फूल व मालाओं से स्वागत किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक तथा मुद्रक विनीता तोमर द्वारा ए.वी.बी. रेप्रोग्राफिक्स ए-59, तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, सी-5/2, सपना इन्कलेव, सेक्टर 18 वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक विनीता तोमर*
RNI.: UPHIN/1999/01690 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे। मो. 9415349400. email- vvtimes.news@gmail.com

# सौंदर्यीकरण के लिये पटेल नगर चौराहे की हुयी नाप

### सरदार पटेल फाउंडेशन के पदाधिकारियो के साथ राजस्व व पालिका टीम रही मौजूद

फत्तेहपुर।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के प्रयास के उपरांत अखंड भारत के निर्माता भारत रत्न स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थित पटेल नगर चौराहा के सौंदर्यीकरण एवं खाली भूमि पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से उपवन पार्क के स्थापना के संदर्भ में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरा सिंह एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी रजा, के संयुक्त आदेशों के अनुपालन में आज राजस्व विभाग लेखपाल ओमप्रकाश विश्वकर्मा एवं नगर पालिका परिषद के सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद अवर अभियंता अमित जायसवाल एवं ग्राम समाज के बाबू एवं राजू पांडे, सभासद विनय कुमार तिवारी, रामसिंह पटेल तथा फाउंडेशन के जनसेवक राजेश सिंह प्रमुख महासचिव आचार्य कमलेश योगी के संयुक्त रूप से पटेल नगर चौराहे में निर्माण संबंधी भौतिक स्थलीय मापन करते हुए। सौंदर्यीकरण हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई साथ ही विभिन्न तकनीक एवं अन्य समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श कर निवारण के लिए विशेष रूप से सभी से संपर्क एवं संवाद बनाते हुए जनपद में ऐतिहासिक एवं विशिष्ट चौराहे के रूप में स्थापित करने के लिए फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना संयुक्त समिति ने की। इसके साथ ही अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों को सम्मान दिलाने के लिए इनके कृतित्व व्यक्तित्व सिद्धांत एवं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अन्य स्थानों पर इसी तरह से कार्य करेगा। इस मौके पर फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी जनसेवक राजेश सिंह, महासचिव आचार्य कमलेश योगी, अजीत पटेल बाबा रामसनेही, कौशल कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार पटेल, अमोल सचान, संतराम फौजी, महेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## आपदा में उजड़े का पुनः बसाव ही प्रबंधन है : आचार्य

**रायबरेली।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, रायबरेली में उ0प्र0 शासन द्वारा प्रायोजित प्रथम प्रत्योत्तरदाता लेखपालों हेतु आपदा प्रबंधन क्षमता संवर्धन विषयक तीन दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम दिनांक 08 फरवरी 2021 से 10 फरवरी 2021 तक जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी प्रेम प्रकाश उपाध्याय एवं संस्थान के आचाय अनूप कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। जिसमें अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में प्रषिक्षण में आपदा से पूर्व एवं आपदा के उपरान्त कार्य करने हेतु प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुये कहा कि आप आपदा वाले क्षेत्रों में स्वयं जाकर आंकलन करे और उसकी रूपरेखा तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें, एवं उन्हे आपदा राहत कोष से लाभ देने में सहयोग करें।

## बीएलओ की नई करतूत, सूची में मृतकों के नाम बरकरार

**धांधली**

- ग्रामीणों ने बीएलओ पर ठेकेदारी प्रथा के तहत नई सूची तैयार करने का लगाया आरोप

रायबरेली ।

ग्राम पंचायतों में होने वाले चुनाव का बिगुल बजते ही गांव की राजनीति गरमा गई है। अपने अपने वोट बटोरने के लिए षड्यंत्र रच कर सही को गलत और गलत को सही दिखाकर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। यहा तक कि तैयार नई सूची में कहीं मृतकों का नाम शामिल कर दिया तो कहीं सूची से मृतकों के नाम हटाए ही नहीं गये तो कहीं अन्य ग्राम सभा के लोगों को सूची में शामिल कर दिया गया।

इस भ्रष्टाचारी खेल में भावी संभावित उम्मीदवारों के साथ साथ बीएलओ की अहम भूमिका देखी जा रही है। बता दे कि पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन आयुक्त द्वारा ग्राम पंचायत की नई मतदाता सूची जिसमें नाम घटाने और बढ़ाने के निर्देश हैं लेकिन कूट रचित लोगों के साथ मिलकर बीएलओ अपना खेल दिखाने में जुटे हैं। ताजा मामला ऊंचाहार क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगश्री से प्रकाश में आया है जहां ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि मतदाता सूची तैयार करने वाले बीएलओ द्वारा सूची में खेल किया जा रहा है। आरोप लगाया गया है कि बिना कोई सर्वे करके दूसरी ग्राम पंचायत के लोगों को नई सूची में शामिल कर लिया गया जबकि गांव के तमाम लोग सूची में शामिल नहीं हो सके।

यही नहीं पत्र में यह भी दर्शाया गया है कि बीएलओ द्वारा पूर्व में मृतकों के नाम भी सूची से नहीं हटाया गया। पत्र में सबसे बड़ा सवाल खड़ा करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि जिस बीएलओ के कंधे पर जिम्मेदारी दी गई उन्होंने ठेकेदारी प्रथा के तहत गांव के ही पूर्व प्रधान के बेटे रामू को जिम्मेदारी दे दी जो शिक्षामित्र है। ग्रामीणों ने बताया कि जब इसकी शिकायत बीएलओ से की गई तो उल्टा शिकायत कर्ताओं के परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रच रहे हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा का होगा आयोजन

**आयोजन**

- श्री श्री 108 आत्मानन्द सरस्वती जी महाराज के मुखार बिंदु से कथा श्रवण का सौभाग्य मिलेगा

रायबरेली ।

हमारे शास्त्रों के अनुसार प्रभु की कथा श्रवण करने का सौभाग्य परमपिता की असीम कृपा होने पर ही प्राप्त होता है।

मनुष्य जन्म प्रभु चर्चा सुनकर ही सार्थक किया जा सकता है।इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरेनी क्षेत्र के ग्राम पूरे बचरी व पूरे गोपाल ग्राम के मध्य स्थित बाग में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है।

पूरे बचरी निवासी हैपी मिश्रा ने जानकारी देते हुए हमारे संवाददाता को बताया कि श्री श्री 108 आत्मानन्द सरस्वती जी महाराज के मुखार बिंदु से कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह कथा 28 फरवरी 2021 दिन शनिवार से 6 मार्च 2021 तक होगी।

कथा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुचने का अनुरोध भी किया गया है।

## राईन समाज सोसायटी के सईद बने जिला सचिव व अनीस राईन उपाध्यक्ष

फत्तेहपुर।

उत्तर प्रदेश राईन समाज सोसाइटी संगठन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष मो0 सिद्दीक राईन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमे संगठन मजबूती के साथ-साथ समाज की समस्याओ पर चर्चा की गयी साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए जिला सचिव पद पर सईद राईन, जिला उपाध्यक्ष अनीस राईन, नगर सचिव नफीस राईन व फिरोज राईन को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मो0 सिद्दीक राईन उर्फ बबलू ने कहाकि समाज मे फैली समस्याओ पर समाज के लोगों को गंभीरता से विचार कर उनके निस्तारण के लिये एक मंच पर आना होगा साथ ही कहा कि समाज को संगठित किये बिना राजनैतिक रूप से मजबूती सम्भव नही है। समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना होगा। साथ ही कहा कि समाज की समस्याओ पर संगठन का प्रत्येक सदस्य पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समस्याओ के निस्तारण के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने समाज के लोगो से आपसी मतभेद को भुलाकर एक साथ आकर संगठन से जुड़कर उसे मजबूत किये जाने का आह्वान किया।

इस मौके पर संरक्षक शकूर राना, जिला महासचिव दिलशाद राईन, जिला सचिव बचानू राईन, गाजीपुर नगर अध्यक्ष मो0 कासिम राईन, बहुआ नगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद राईन, जिला सचिव शाहिद अहमद, दानिश राईन, नूर मोहम्मद, बाबू राईन, रमजान राईन समेत बड़ी संख्या में राईन समाज के लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन गुड्डू राईन ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासकों का डिजिटल सिग्नेचर अपडेट नही, अटका भुगतान

#### समय से नही मिल रहा मैटेरियल व लेबर कंपोनेंट का पैसा ग्राम पंचायतों में बन रहे सचिवालय व सामुदायिक शौचालय

**खागा-फत्तेहपुर।** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक के फरमान पर एडीओ को गांवों की कमान सौंप दी गई है। लेकिन अभी तक उनका डिजिटल सिग्नेचर पंचायती राज विभाग पर अपडेट नही किया। इसके चलते गांवों में विकास कार्यो का भुगतान अटका हुआ है। मैटेरियल और लेबर कंपोनेंट का समय से पैसा न मिलने की वजह से काम रूका पड़ा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रकिया शुरू हो गई है। 25 दिसंबर को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। प्रधानों का कहना है कि हम लोगों ने एडवांस में काम करवा दिया है। लेकिन हमारा भुगतान न होने से संकट छाया हुआ है। गांव की लेबर रोजाना सुबह-शाम घर के चक्कर काट रहे हैं। कूरा गांव के ग्राम प्रधान नागेंद्र कुमार यादव का कहना है कि हमारा पंचायत भवन व मॉडल शौचालय का भुगतान अटका हुआ है अधिकारियों का कहना है कि खाते में पैसा न होने की वजह से भुगतान अटका हुआ है। ऐरायां ब्लाक के सुल्तानपुर घोष ग्राम प्रधान का कहना है कि मॉडल शौचालय, सार्वजनिक शौचालय के अलावा अन्य कामों को मिलाकर कुल 12 लाख का भुगतान अभी तक बकाया है। रोजाना ब्लाक के चक्कर काट-काट कर परेशान हो चुके हैं लेकिन कोई न कोई बहाना बताकर वापस कर दिया जाता है। भुगतान को लेकर ब्लाक में उदासीनता बरती जा रही है। इसके चलते विकास कार्यो के बदले भुगतान की प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है। इस बारे में पंचायती राज व ग्राम विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। नोट-ऊपर वाली खबर का बाक्स

#### गांवो में क्या-क्या कराए जा रहे विकास कार्य

शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों में मिनी सचिवालय व सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। मिनी सचिवालयों का बजट 10 लाख से अधिक हैं। जबकि पांच लाख की लागत से छह सीट वाले सामुदायिक शौचालयों का निर्माण चल रहा है। कई ग्राम पंचायतों में शौचालय व सचिवालयों के लिए ईट, बालू, सीमेंट, गिट्टी, आदि मंगाने की दरकार है लेकिन पैसा ही नही है। इससे विकास कार्यों में समस्या आ रही है।

#### चुनाव में भी आएगी परेशानी

पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर शौचालयों, रैप, विद्युतीकरण समेत अन्य कार्य कराए जाएंगे। यदि प्रशासक इसके बदले भुगतान नही करेंगे तो जरूरी इंतजाम करा पाना मुश्किल होगा। वहीं पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे निवर्तमान प्रधान अब विकास कार्यों में दिलचस्पी नही ले रहे हैं। इससे मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### चौपाल लगाकर कांग्रेस ने किया किसानों को जागरूप

**फत्तेहपुर।** जय जवान जय किसान अभियान के तहत किसान चौपाल की एक बैठक ऐरायां ब्लाक के ग्राम सुराही व हसनपुर अकोढ़ीहा में आयोजित की गई। किसान चौपाल में जनपद प्रभारी सदाशिव यादव ने किसानों को कृषि कानूनों के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुये आग्रह किया कि हम सबको आने वाली पीढ़ी के लिए केंद्र सरकार से लड़ाई लड़ना होगा। किसान चौपाल को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने किसानों को बताया कि नये कृषि कानूनों के लागू होने से देश का किसान बर्बादी की खाई में चला जायेगा। जिलाध्यक्ष ने किसानों को समझाते हुये यह भी बताया कि देश दो लोगों से चलता है एक जवान और दूसरा किसान दोनों की हक की लड़ाई के लिए कांग्रेस का सिपाही अपनी आखिरी सांस तक उनकी लड़ाई लड़ता रहेगा। यदि यह सरकार कानूनों को वापस नहीं लेती है तो जब कांग्रेस की सरकार आयेगी तब कांग्रेस इन कानूनों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का भी काम करेगी। किसान चौपाल के दौरान प्रमुख रुप से जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन निषाद, डॉ0 अतुल पासवान, विकास मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी, रामचरण पासवान, विनय पासवान, ननकू सिंह, आकाश निषाद आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डीएम ने मितौली की सीडीपीओ व सुपरवाइजर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का दिया निर्देश

लखीमपुर ।

बुधवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अरविंद सिंह व सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल मौजूद रहे। बैठक के आरंभ में सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए इसकी डेली मॉनिटरिंग करें। आयुष्मान भारत में गोल्डन कार्ड बनाने में धीमी प्रगति पर चेतावनी दी। जिन सामुदायिक केंद्रों पर इस योजना के तहत उपचारित मरीजों की संख्या में कमी आई है।

उन चिकित्सा अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाए। डीएम ने गत 10 माह में मितौली से एक भी केस एनआरसी में भर्ती ना कराने एवं अन्य विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने पर सीडीपीओ मितौली सुधा शुक्ला एवं सुपरवाइजर सुशीला मौर्य को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। डीएम ने आशाओं के भुगतान में तेजी लाने के साथ ही पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए।



## सामूहिक विवाह में 24 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ

बिसवां सीतापुर

समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बिसवां विकास खण्ड परीसर में किया गया । कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख बिसवां राकेश वर्मा ने मां गायत्री के चित्र पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।सामुहिक विवाह कार्यक्रम में 24 शादी के जोड़ो का पूरे रीति.रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया । विधायक महेंद्र सिंह यादव द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ो को 35 हजार की चेक व सामान देकर शुभकामनाएं दी इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी रवि यादव खंड विकास अधिकारी विकास यादव एडीओ पंचायत शैलेंद्र दीक्षित जेई शशिकांत यादवए जेई रजनीश कुमार भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता जीतू सिंह आलोक शुक्ला नागेंद्र यादव अनूप यादव कौशल मिश्रा सहित विवाहिता जोड़ों के परिवार के लोग व ब्लॉक के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## बिसवां सीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन न होने से मरीज परेशान

बिसवां सीतापुर

सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ जनता को देने के लिए प्रयास कर रही है । सरकार के दिशा निर्देश सख्त होने के बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा स्वास्थ्य सेवाएं जनता को देने में असमर्थ दिखाई दे रहा है जिससे मरीज दर.दर भटकते देखे जा रहे हैंए परंतु महकमे के कान में क्यों जूं तक नहीं रेंग रही है । बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता ना होने की वजह से मरीज प्राइवेट मेडिकल स्टोर से खरीदने को विवश हैं । स्वास्थ्य केंद्र पर आए दिन एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी रहती हैए जिन मरीजों के दो या तीन बार स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीन लग चुकी हैए और मौजूदा समय पर सीएचसी पर वैक्सीन की उपलब्धता ना होने की वजह से प्राइवेट मेडिकल स्टोर से लगवानी पड़ रही है । अलौदीपुर निवासी हरद्वारी ने बताया तीन वैक्सीन सीएचसी से लग चुके हैं एपर अब यहां वैक्सीन न होने की वजह से वह काफी परेशान हैंए अफ्फान निवासी मोहल्ला काजी टोला बिसवां को कुत्ते ने काट लिया जिस पर वह सीएचसी बिसवां गए परंतु वैक्सीन ना होने की वजह से प्राइवेट मेडिकल स्टोर से लगवाना पड़ा ।

इस संबंध में सीएचसी के डॉक्टर सुमित मेहरोत्रा से जब फोन पर बात की गईएतो बताया गया कि वैक्सीन नहीं हैए इसके बारे में आप सीएमओ साहब से जानकारी ले लें और उन्होंने यह भी कहा कि कई बार वैक्सीन की डिमांड की जा चुकी है इसके बावजूद भी कई महीनों से हमारे यहां वैक्सीन नहीं आई है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**फत्तेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र में बांदा-बहराइच राज्य मार्ग पर दशवां मील के समीप बुधवार की मध्य रात्रि के करीब ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल लाते समय एक की रास्ते में मौत हो गई, जबकि साथी का भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। ललौली थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप तिवारी ने बताया कि गाजीपुर थाना के चक काजीपुर गांव निवासी अंकित 25 वर्ष अपने साथी कुलदीप 19 वर्ष के साथ बुधवार की रात लगभग 11 बजे बाइक से कहीं से वापस गांव जा रहा था। दशवां मील के पास अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एसएचओ ने बताया कि दोनों घायलों को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया, जहां अंकित को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## श्रमिको को लाभ दिलाना हमारा कर्तव्य...स्वामी प्रसाद मौर्य

सीतापुर

उ0प्र0 भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का श्रमिक जागरूकता एवं हितलाभ वितरण समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कालेज मैदान सीतापुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, तत्पश्चात मा0 मंत्री मौर्य के स्वागत में स्वागत गीत की प्रस्तुति भी की गयी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 मंत्री श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 द्वारा श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को विभिन्न हित लाभ योजना दिये जाने के साथ-साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि आज यहां पर ऐसे निर्माण समिति को आमंत्रित किया गया है जिनको विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाना है। हमारा संकल्प है कि सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ हम निरन्तर कार्य करते रहें। हम यह भी जानते है कि यहां पर बैठे बहुत से लाभार्थी पूर्व में भी मा0 प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी जी द्वारा सचांलित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बहुतों के घर में गैस चूल्हा सिलेण्डर पहुंचा, तो बहुतों के घर में शौचालय का निर्माण हुआ होगा, तो बहुत सी ऐसी बस्तियों में जहां अंधेरा छाया हुआ था, वहां पर बिजली पहुंची होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से लोग हैं जिनके पास सिर छिपानें की जगह नही थी उनको प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा होगा।उन्होंने कहा कि मार्च तक हम निशुल्क पंजीकरण अभियान चला रहे हैं। वहीं, अब श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए ठेकेदार के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। अब सीधा श्रमिक लिखकर दे देगा और हम पंजीकरण कर देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक श्रमिकों के पंजीकरण का है। श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। उनका नाम अटल आवासीय विद्यालय रखा जाएगा। एक विद्यालय में एक हजार श्रमिकों के बच्चे पढ़ेंगे।इस अवसर पर निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना तथा निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजनान्तर्गत 13 लाभार्थी, कन्या विवाह सहायता योजना के 217 लाभार्थी, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजनान्तर्गत 223 लाभार्थी, चिकित्सा सुविधा योजनान्तर्गत 4811 लाभार्थी, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना साइकिल हितलाभ सहित 198 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, भाजपा प्रतिनिधि आशा मौर्य ने भी श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट, सहायक श्रम आयुक्त डा0 एम0के0 पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रमिक लाभार्थी उपस्थित रहे।

### मां-बेटी ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**फत्तेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के हरदों गांव के पास गुरुवार की सुबह बड़े भीट बाबा देवस्थान के सामने से गुजरी रेलवे लाइन में पुलिस ने ऐलई गांव निवासिनी मां-बेटी के क्षत-विक्षत् शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर दोनों की मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब दस बजे ऐलई गांव निवासी सुरेश रैदास की पत्नी राजरानी 40 वर्ष और बेटी पूजा 18 वर्ष किसी को कुछ बताए बिना ही घर से निकलीं थीं उन्होंने बताया कि सुरेश खागा की एक दुकान में पल्लेदारी करता है। उसने बेटी पूजा की शादी तय कर दी थी।

## विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण

बाराबंकी ।

विधायक धर्मराज ने गांव के वरिष्ठ नागरिकों के हाथो फीता कटवा कर सड़को का लोकार्पण किया। बीजेपी सरकार युवाओं को रोजगार को रोजगार देने और राज्य में पूंजी निवेश के झूठे वादे कर रही है। प्रदेश का विकास अवरूद्ध है। गरीब छात्र स्मार्ट फोन व लैपटॉप ना होने से ऑनलाइन पढ़ाई से वंचित है शिक्षा दिन पर दिन महंगी होती जा रही है।

उक्त कथन विकास खंड बंकी की ग्राम सभा सराय अकबराबाद, मनेरा, कमरपुर, इमलिहा उसर, सराय मीही व सैलखा में अपनी विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फसुरेश यादव ने कहा। विधायक धर्मराज ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की मौजूदा सरकार आम जनमानस को बदहाली में रखना चाहती है। पिछले सात वर्षो में केंद्र की सरकार व लगभग 4 वर्षो में प्रदेश की बीजेपी सरकार आम जनमानस के लिए तबाही लेकर आयी है। कोरोना की आड़ में मजदूरों के अधिकारों को खत्म किया गया है।

संस्थानों के माध्यम से देश के लाखो युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलता था। सरकार ने ठेका संविदा के नियमो को बढ़ाते हुए बड़े पूंजीपतियों के रहमोकरम पर देश के युवाओं को छोड़ दिया है।



### पूर्व मंत्री ने लिया मरीजों का हाल

**बाराबंकी।** श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में आज तक देश के सेवाभावी डाक्टरों ने विभिन्न जिलों के गरीब मरीजों के 2300 मोतियाबिन्द के सफल आपरेशन किये गये हैं। एशिया के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ0 जैकब प्रभाकर व उनकी टीम ने लेन्श प्रत्यारोपण विधि से सभी ऑपरेशन स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय की अत्याधुनिक आपरेशन कक्ष में किये हैं।

इस बार सभी मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के बाद उच्च कोटि की सेवायें ट्रस्ट प्रदान कर रहा है। किसी भी व्यक्ति के साथ कोई व्यक्ति अगर नहीं भी आया है तो उनकी भी सेवा देश के कोने-कोने से आये सेवादार करने में लगे हैं।

## बलिराजा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



फत्तेहपुर।

पंचायत एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बलिराजा पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओ से संवाद के क्रम में गुरुवार को शहर के एक मैरीज लान में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 महेंद्र सिंह थावड़े द्वारा पार्टी की समीक्षा व कार्यकर्ताओं से संवाद किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम जनपद आगमन पर युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला व संगठन मंत्री शिवांश दीक्षित की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर जमकर स्वागत किया। स्वागत के पश्चात कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 महेंद्र सिंह थावड़े ने कहाकि समाज मे दबे कुचले शोषित वंचितो के साथ-साथ किसानों, मजदूरों की आवाज उठाना ही पार्टी का मुख्य लक्ष्य है उन्होंने कार्यकर्ताओ से गांव-गांव जाकर लोगो के बीच पार्टी की नीतियों को बताकर संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। साथ ही कहाकि पार्टी के मजबूत ढांचे के बल पर पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव के पार्टी पूरी ताकत से उतरकर जीत हासिल करेगी उन्होंने कहाकि किसानों को उनकी उपज का मूल्य नही मिल रहा है बड़ी संख्या में लोगो के रोजगार समाप्त हो गये है बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से समाज का सभी वर्ग परेशान है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से पंचायत चुनाव व विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को संगठित करने व किसानो, मजदूरों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद साहू, राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, महिला प्रदेश अध्यक्ष रंजना सिंह, महिला जिलाध्यक्ष उपासना सिंह, कानपुर जनपद के जिलाध्यक्ष विकास शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# दिविज और अंकिता भी पहले दौर में बाहर





**मेलबोर्न।**

भारत के दिविज शरण और अंकिता रैना गुरुवार को यहां वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने-अपने युगल मुकाबलों के शुरुआती दौर के मैच हार गए। भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और एकल खिलाड़ी सुमित नागल इससे पूर्व पहले दौर में हारकर बाहर हो गए थे।

किसी ग्रैंड स्लेम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनी अंकिता का पदार्पण यादगार नहीं रहा। अंकिता और रोमानिया की उनकी साथी मिहेला बुज़ारनेकू को बेलिंडा वूलकॉक और ओलिविया गेडेकी की स्थानीय जोड़ी से केवल एक घंटे और 17 मिनट में 3-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं दिविज और स्लोवाकिया के उनके जोड़ीदार इगोर जेलेने एक घंटे चार मिनट तक चले पहले दौर के मैच में जर्मन जोड़ी यानिक हांफमैन और केविन क्रावेट्ज से 1-6, 4-6 से हार गए।

इससे पहले बुधवार को रोहन बोपन्ना और जापान के उनके साथी बेन मैकलाकलान भी पुरुष युगल स्पर्धा में जी सुंग नाम और मिन-क्यू सॉन्ग की कोरियाई वाइल्ड कार्ड जोड़ी से 4-6, 6-7(0) से हारने के बाद शुरुआती दौर में बाहर हो गए थे। हालांकि बोपन्ना के पास मिश्रित युगल स्पर्धा में एक मौका है। इस स्पर्धा में वह अपने जोड़ीदार यिंगयिंग दुआन के साथ अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स और ब्रिटेन के जैमी मरे की जोड़ी का सामना करेंगे। टूर्नामेंट के पुरुष एकल में प्रवेश पाने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी सुमित नागल को लिथुआनिया के रिचर्ड्स बेरांकिस से लगातार सेटों में 2-6, 5-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। नागल को पहले राउंड में हार के बावजूद लगभग 56 लाख रुपए हाथ लगे।

# चैंपियन केनिन की आंसुओं के साथ विदाई, बार्टी तीसरे दौर में

**मेलबोन।**

अमेरिका की सोफिया केनिन खिताब बचाने का दबाव नहीं झेल सकीं और गुरूवार को दूसरे दौर के मुकाबले में लगातार सेटों में हार झेलकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं जबकि विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ तीसरे दौर में जगह बना ली।

22 वर्षीय केनिन को एस्टोनिया की अनुभवी खिलाड़ी काइया कानेपी ने मात्र 64 मिनट में 6-3, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली। केनिन ने पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था और फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची थीं। लेकिन इस बार वह उस प्रदर्शन के आसपास भी नजर नहीं आयीं।



दूसरे दौर में हार के बाद चौथी सीड केनिन की आंखों से आंसू झलक आये और उन्होंने स्वीकार किया कि वह उन्हें मिले मौकों को भुना नहीं पायीं। उन्होंने यह भी माना कि खिताब बचाने का दबाव उन पर भारी पड़ा। हालांकि उन्होंने 94वीं रैंकिंग की कानेपी को जीत का श्रेय भी दिया और कहा कि वह शानदार खेली। इस बीच शीर्ष वरीयता प्राप्त बार्टी ने जीत के साथ तीसरे दौर में जगह बना ली, हालांकि उन्हें अपने ही देश की वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी डारिया गावरीलोवा को एक घंटे 32 मिनट में 6-1, 7-6(9-7) से हराने के लिए संघर्ष करना पड़ा। बार्टी ने पहला सेट आसानी से जीत लिया लेकिन दूसरे सेट का टाई ब्रेक 9-7 से जीतने में उन्हें पसीना बहाना पड़ गया।

# जॉन्सन पेडर ने बाथरूम उत्पादों की 'मैक्स सीरीज' लांच की

**नई दिल्ली।**

रोका ग्रुप के जॉन्सन पेडर ने गुरुवार को अपनी उत्पादों की नई 'मैक्स सीरीज' के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा कि यह रेंज 10 साल की वारंटी के साथ सर्वाधिक टिकाऊ, गुणवत्तापूरक, सस्ता है। 'मैक्स सीरीज' में बाथरुम कैटेगरी के अपने सभी उत्पादों जैसे सैनवेयर, फॉसेट, प्लास्टिक एंड वॉटर हीटर शामिल हैं। नए उत्पादों की श्रृंखला की पेशकश के साथ जॉन्सन पेडर का लक्ष्य अब एंट्री लेवल सेगमेंट के उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करना है जो अपनी जेब के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाले बाथरुम उत्पाद की खरीदारी करना चाहते हैं।

मैक्स सीरीज के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक के. ई रंगनाथन ने कहा, ''भारत का सैनिटरी वेयर मार्केट लगातार विकसित हो रहा है और ऐसे में जॉन्सन पेडर एक ब्रांड के तौर पर लोगों के सामने हैं जो किफायती रेंज में गुणवत्तापूर्ण प्रॉडक्ट की चाहत रखते हैं ताकि वह अपने बाथरुम को और खूबसूरत बना सकें। हमारी मैक्स सीरीज उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है और हमारी कोशिश उन्हें आधुनिक, स्टाइलिश और शानदार बाथरुम फिटिंग के लिए प्रोत्साहित करने की है। यहां तक कि मैक्स नाम का चयन भी सोच समझकर किया गया है क्योंकि यह ड्यूरेबिलिटी, अफोर्डेबिलिटी, और सबसे महत्वपूर्ण क्वालिटी में 'मैक्स' है। महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में जॉन्सन पेडर ने शानदार विकास दर हासिल की है और यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि ब्रांड ने मैक्स वाटर हीटर सेगमेंट में चार अलग-अलग आकार के वाटर हीटर्स के नए वैरिएंट्स को पेश किया है, जिसकी क्षमता छह से 25 लीटर के रेंज में है। इन प्रॉडक्ट्स में थर्मोस्टैट, ऑटो थर्मल कट आउट, सेफ्टी वॉल्व, फ्यूजिंग प्लग, सिंगल वेल्ड टैंक और बिजली की कम खपत के लिए बेहतर इंसुलेशन तकनीक जैसे इनबिल्ट फीचर्स हैं। जॉन्सन पेडर के उत्पाद गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया से गुजरते हैं और इसका निर्माण उद्योग जगत के आदर्श स्थापित मानदंडों के मुताबिक होता है जिसकी वजह से ये उत्पाद टिकाऊ होते हैं और उपभोक्ताओं की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने में सफल होते हैं है।

# हरियाणा में एमएसएमई को बढ़ावा देने हेतु तीन ई-कामर्स कम्पनियों से करार

**चंडीगढ़।**

हरियाणा सरकार ने राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग(एमएसएमई) और हुनरमंदों को बढ़ावा देने तथा इन्हें बाजार मुहैया कराने के निये ई-कामर्स क्षेत्र की तीन बड़ी कम्पनियों के साथ आज करार किया। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, एमएसएमई विभाग के महानिदेशक विकास गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार और तथा ई-कामर्स कम्पनियों ईबे, पॉवर टू एसएमई और ट्रेड इंडिया डॉट कॉम के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। करार पर श्री गुप्ता और सम्बंधित कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये।



चौटाला ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि ई-कामर्स कम्पनियों के साथ करार के माध्यम से राज्य के एमएसएमई और हुनरमंदों के उत्पादों को बढ़ावा, उचित कीमत और वैश्विक बाजार मिलेगा। इन उद्योगों के उत्पाद अब विश्व के किसी भी कोने में खरीदे जा सकेंगे। इससे निर्यात में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार का मुख्य ध्यान प्रदेश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, समावेशी और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ाने पर है। राज्य के दूरदराज के हिस्सों में रहने वाले पारम्परिक कारीगरों की पहुंच अब सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बिक्री बढ़ने से उन्हें अच्छी आमदनी भी होगी। इन एमओयू से नए उद्यमियों के लिए भी अवसर पैदा होंगे। विजयेंद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि एमएसएमई इस समय किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनते जा रहे हैं। सरकार प्रदेश के दो लाख से अधिक एमएसएमई के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में एमएसएमई के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह नए और रणनीतिक तरीके अपनाएं। ई-कॉमर्स में एमएसएमई को नये बाजार तक पहुंचने की क्षमता है।

गुप्ता ने कहा कि एमएसएमई निदेशालय अपने उद्यमियों की हरसम्भव सहायता कर रहा है ताकि उद्यमी को अपने उद्यम से जहां अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकें वहीं अधिकाधिक युवाओं को भी रोजगार हासिल हो। करार के उपरांत ये

ई-कॉमर्स कम्पनियां उद्यमियों को ई-कॉमर्स के लाभ, उनके उत्पादों को ऑनलाइन सूचीबद्ध करने के लिए सभी जिलों में प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं आयोजित करेंगी। समझौते पर हस्ताक्षर के समय 'ई.बे' के इंडिया कंट्री मैनेजर विदमय नैनी, 'पॉवर-टू-एसएमई' की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधा सरीन तथा 'ट्रेड इंडिया डॉट कॉम' के मुख्य राजस्व अधिकारी जिल-ए-इलाही भी मौजूद थे।

# टोक्यो 2020 के अध्यक्ष मोरी विवादित टिप्पणी के कारण दे सकते हैं इस्तीफा



**टोक्यो।**

टोक्यो 2020 ओलंपिक आयोजन समिति के अध्यक्ष योशिरो मोरी महिलाओं पर विवादित टिप्पणी के कारण अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, जापान के प्रमुख मीडिया प्रसारण एनएचके और समाचार एजेंसी क्योदो की रिपोर्ट के मुताबिक 83 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी टिप्पणी के बाद कई लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2014 में ओलंपिक आयोजन समिति के अध्यक्ष बनाए गए मोरी ने गत तीन फरवरी को जापान ओलंपिक समिति की बैठक में कहा था, ÷महिलाओं में प्रतिद्वंद्विता की भावना काफी होती है। अगर कोई महिला सदस्य बोलने के लिए हाथ खड़ा कर दे तो अन्य सभी महिलाएं सोचेंगी कि उन्हें भी कुछ बोलने की जरुरत है। मोरी ने हालांकि पिछले गुरुवार को प्रेस वार्ता में इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी। आयोजकों ने बुधवार को बयान जारी कर बताया था कि मोरी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। इस बीच टोक्यो 2020 ने शुक्रवार को बैठक बुलाई है जिसमें कार्यकारी बोर्ड और परषिद के सदस्यों को मोरी के बयान पर उनकी राय जानने के लिए बुलाया गया है। जापान के सबसे बड़े खेल समाचार पत्र स्पोटर्स डेली के अनुसार, करीब 400 वॉलियंटरों ने इस साल होने वाले ओलंपिक खेल में अपनी सेवाएं देने से मना कर दिया है। इसके अलावा दो लोगों ने 25 मार्च को होने वाली मशाल रिले में भाग लेने से इंकार कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भी बयान जारी कर मोरी के बयान को गलत और अनुपयुक्त बताया था।

# बीसीसीआई के आग्रह पर टीएनसीए ने नटराजन को किया रिलीज




**चेन्नई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय टीम प्रबंधन के आग्रह के बाद तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन को घरेलू एकदिवसीय विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट से रिलीज कर दिया है। ताकि वह इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए तरोताजा रह सकें। बीसीसीआई और भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से यह आग्रह इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद और पुणे में आगामी 12 मार्च से खेले जाने वाले पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मुकाबलों के मद्देनजर किया गया है। टीएनसीए के सचिव एस रामासामी ने इस संबंध में आग्रह प्राप्त होने की पुष्टि की है।

तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी काशी विश्वनाथन ने कहा,''हमें लिखित में कोई आग्रह प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन हम समझते हैं कि टीम प्रबंधन चाहता है कि नटराजन बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास करके तैयार हो जाएं। टीएनसीए के सचिव इस पर गौर कर रहे हैं और नटराजन को एनसीए जाने के लिए कहा गया है। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन नटराजन को स्वस्थ और फिट चाहता है। यह राष्ट्रीय हित में है, इसलिए हमने उन्हें रिलीज कर दिया है।' प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारतीय टीम प्रबंधन के आग्रह के पीछे एक वजह यह भी है कि नटराजन को विजय हजारे ट्रॉफी और भारतीय टीम के बायो बबल (जैव सुरक्षित वातावरण) में प्रवेश करने से पहले दो बार क्वारंटीन में नहीं रखा जाना चाहिए। इस बीच यह भी जानकारी सामने आई है कि टेस्ट श्रृंखला के लिए 22 सदस्यीय दल में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल केवल तीसरे टेस्ट में ही चयन के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। वहीं हनुमा विहारी, उमेश यादव और मोहम्मद शमी की फिटनेस में भी खासा सुधार नहीं हुआ है। जानकारी यह भी है कि इनमें से कोई भी अंतिम दो टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

# भारतीय हॉकी टीम का मजबूत डिफेंस उसकी सफलता की चाभी होगी : सुरेंद्र


**बेंगलुरु।**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर सुरेंद्र कुमार का मानना है कि मजबूत डिफेंस आने वाले कुछ महीनों में भारतीय टीम की सफलता की चाभी होगी। सुरेंद्र ने कहा, ÷हमने अपने खेल को उच्च स्तर पर बढ़ाया है। हम इस साल बड़े टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेकरार हैं। मेरा मानना है कि टीम का मजबूत डिफेंस क्रम मैच जीतने के लिए टीम की सफलता की अहम कड़ी साबित होगी। 27 वर्षीय डिफेंडर ने कहा, ÷अगर हम यह सुनिश्चित कर लें कि हमारी विरोधी टीम आसानी से गोल नहीं कर पाएगी तो टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी विपक्षी टीम पर दबाव बढ़ा पाएंगे और भारत के लिए ज्यादा मौके बना सकेंगे। सुरेंद्र ने भारत के लिए 133 मुकाबले खेले हैं और उन्होंने बताया कि टीम के संभावित सदस्य जनवरी में राष्ट्रीय शिविर में वापसी के बाद काफी सुधार कर रहे हैं। सुरेंद्र ने कहा, पिछले वर्ष हमें अपनी फिटनेस बरकरार रखनी थी और अपनी फॉर्म हासिल करनी थी जिसे हमने अच्छे से किया। जब हम जनवरी में राष्ट्रीय शिविर में वापस आए तो हम अपने खेल के स्तर को बढ़ाना चाहते थे।

## भारतीय दवा निर्माता कंपनी अमेरिका में भरेगी 3 अरब रुपये का जुर्माना

**न्यूयॉर्क।** कैंसर की दवाएं बनाने वाले एक भारतीय कंपनी ने स्वीकार किया है कि उसने अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में उसके प्लांट का निरीक्षण करने से पहले रिकॉर्ड छिपाए थे और नष्ट किए थे। न्याय विभाग के अनुसार कंपनी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए 50 मिलियन डॉलर (3 अरब रुपये से ज्यादा) जुर्माना देने की हामी भर दी है। विभाग ने कहा है कि कंपनी फ्रेजेनियस काबी अन्कोलॉजी लिमिटेड (एफकेओएल) ने मंगलवार को लास वेगस में संघीय अदालत में सार्वजनिक तौर पर ये बातें स्वीकार कीं। कंपनी ने माना कि वह यूस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के जांचकर्ताओं को कुछ रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में नाकाम रही। उसने फेडरल फूड, ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट का उल्लंघन किया और वह अपने इन अपराधों के लिए 30 मिलियन डॉलर का आपराधिक जुर्माना और 20 मिलियन डॉलर का दंड भरेगी। एक्टिंग असिस्टेंट अटॉर्नी जनरल ब्रायन बॉयटन ने कहा, ÷एफकेओएल के आचरण ने रोगियों के जीवन को जोखिम में डाल दिया। निर्माण संबंधी रिकॉर्ड छिपाकर और हटाकर एफकेओएल ने एफडीए की रेगुलेटरी अथॉरिटी को दवाओं की शुद्धता और शक्ति सुनिश्चित करने से रोका। कोर्ट के दस्तावेजों के अनुसार 2013 में एफडीए के निरीक्षण से पहले कंपनी मैनेजमेंट ने पश्चिम बंगाल के कल्याणी में अपनी मैन्यूफेक्क रिंग फैसिलिटी के कर्मचारियों से कुछ रिकॉर्ड हटाने और कम्प्यूटर से कुछ रिकॉर्ड डिलीट करने के लिए कहा था।

# जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री 11 फ़ीसदी से अधिक बढ़ी



**नई दिल्ली ।**

इस वर्ष जनवरी में देश में कुल 276554 यात्री वाहनों की बिक्री हुइ जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेचे गए 248840 वाहनों की तुलना में 11.14 प्रतिशत अधिक है।

भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियों के शीर्ष संगठन सियाम द्वारा गुरुवार को यहां जारी आंकड़ों के अनुसार इस महीने में दुपहिया वाहनों की बिक्री में 6.63 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पिछले वर्ष इसी महीने में देश में कुल 13 लाख 41 हजार पांच दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी जो जनवरी 2021 में बढ़कर 14 लाख 29 हजार 928 पर पहुंच गयी है हालांकि इस दौरान तिपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। जनवरी 2020 में 60 हजार 903 तिपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी जो इस वर्ष इसी महीने में 56.76 प्रतिशत घटकर 26 हजार 335 पर आ गयी।

## एफएटीएफग्रे लिस्ट से यदि हटा पाक तो दुनिया भर के आतंकी मनाएंगे जश्न: एक्सपर्ट




**वाशिंगटन।** वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की गुरुवार को होने वाली बैठक में पाकिस्तान के भविष्य का फैसला होगा। राजनीतिक विशेषज्ञ टॉम रोगन ने इस पर कहा है कि यदि इस्लामाबद को ग्रे लिस्ट से हटा दिया जाता है तो दुनिया में आतंकियों का बोलबाला हो जाएगा, वे जश्न मनाएंगे। रोगन ने कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की असफलताओं की कीमत वहां की निर्दोष मुस्लिम जनता चुकाएगी। इमरान खान बयानबाजी करते रहते हैं जिसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ता है।

दुनिया भर में आतंकी को वित्त पोषण के लिए पाकिस्तान की निंदा होती है। स्र्क्ष्स्र के सामने पाकिस्तान इस बात की कोशिश कर रहा है कि उसका नाम ग्रे लिस्ट से बाहर हो जाए। मीटिंग में पाक की कोशिशों पर विचार किया जाएगा। वाशिंगटन एक्जामिनर में पाक की ग्रे लिस्टिंग के बारे में रोगन ने आलेख लिखा जिसमें बाइडन प्रशास से कहा गया है कि वो सलाह दिया गया है कि बाइडन प्रशासन को संगठन के भीतर एफएटीएफ और अमेरिकी सहयोगियों पर सभी आवश्यक दबाव डाले ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवाद के वित्तपोषण और पाक के लिंक में सुधार का रिकॉर्ड पता चले। हालांकि पाकिस्तान की गतिविधियों से यह स्पष्ट है कि यह अब तक आतंक के वित्तीय मदद देने के अपने रवैये में सुधरा नहीं है।

एफएटीएफ एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग जैसे वित्तीय मामलों में दखल देते हुए तमाम देशों के लिए गाइडलाइन तय करती है। ब्लैकलिस्ट में उन देशों को रखा जाता है जो आतंकवाद को वित्तीय तौर पर बढ़ावा दे रहे हैं। वैश्विक निगरानी संस्था पाकिस्तान को रखे गए ग्रे-लिस्ट पर गौर करेगी। बताया जा रहा है कि बेहद सख्त निगरानी पाकिस्तान पर रखी गई है और अगर अभी भी कोई खामी देखी गई तो देश के लिए काफी परेशानी होने वाली है। बता दें कि पाक को 2018 में ग्रे-लिस्ट में रखा गया था।

## म्यांमार मामले में चीन की सफाई, इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए नहीं भेजेगा उपकरण



**बीजिंग ।** म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने के लिए उपकरण और विशेषज्ञों को भेजने के फैसले का चीन ने खंडन किया है। चीन ने सफाई दी है कि म्यांमार में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए उसने अपने यहां के विशेषज्ञ व उपकरण नहीं भेजे हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि इस बारे में कई तरह की झूठी खबरें और अफवाहें फैल रही हैं कि चीन म्यांमार के मामले में दखल दे रहा है। यह सही नहीं हैं। दरअसल, वांग से पूछा गया था कि क्या वह म्यांमार में इंटरनेट को नियंत्रित करने और न्यूज ब्लैकआउट करने में मदद करने के लिए उपकरण और आईटी विशेषज्ञों को म्यांमार भेज रहे हैं।

वांग ने कहा कि चीन, म्यामांर का मित्र और पड़ोसी देश है। हमें उम्मीद है कि म्यामांर में सभी पक्ष संविधान और कानूनी ढांचे के तहत अपने मतभेदों को दूर करेंगे तथा राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता बनाए रखेंगे। इससे पहले चीन ने पड़ोसी देश म्यामांर में सैन्य तख्तापलट पर सभी पक्षों से संविधान और कानूनी ढांचे के तहत गतिरोध दूर करने और देश में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने का सोमवार को आह्वान किया था।

म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद आंग सान सू की के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार पर लगे प्रतिबंधों का चीन ने विरोध किया है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा म्यांमार की राजनीतिक-सामाजिक स्थिरता और शांति में योगदान देने के लिए कार्रवाई का आह्वान किया है ताकि तनाव बढ़ने से बचा जा सके।

## डेमोक्रेटिक नेताओं का बड़ा दावा, कैपिटल हिल में नैंसी पेलोसी की हत्या करना चाहती थी भीड़

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी संसद में 6 जनवरी को हुई हिंसा को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने बड़ा आरोप लगाया है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि पुलिस ने हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी को कैपिटल कॉम्प्लेक्स से इसलिए बाहर निकाला, क्योंकि उन्हें उसकी सुरक्षा का डर था। डेमोक्रेट का कहना है कि संसद पर हमले के ट्रंप निर्दोष दर्शक नहीं थे, बल्कि वह भड़काने वालों के मुखिया थे।

अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चलाए जा रहे दूसरे महाभियोग की सुनवाई के दौरान अभियोजकों ने बुधवार को सीनेट में एक 13 मिनट का वीडियो दिखाया। जिसमें पेलोसी के कर्मचारी मदद के लिए आवाज लगाते हुए सुनाई दे रहे थे। इस दौरान एक तस्वीर में भीड़ पेलोसी के कार्यालय के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश करती दिख रही है।

प्रतिनिधि सभा के महाभियोग प्रबंधक स्टेसी प्लास्केट का कहना है कि पेलोसी को एक सुरक्षित ठिकाने पर ले जाया गया, क्योंकि कुछ दंगाइयों ने सार्वजनिक रूप से पेलोसी को नुकसान पहुंचाने या मारने का इरादा जताया था। उन्होंने कहा कि अगर दंगाइयों को पेलोसी मिल गई होतीं तो वे उन्हें मार डालते। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें इस मिशन पर भेजा था।

बता दें कि ट्रंप पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिनके खिलाफ दूसरी बार महाभियोग की सुनवाई हो रही है। इससे पहले राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया केवल तीन बार हुई, जिनमें एंड्रयू जॉनसन, बिल क्लिंटन और फिर पिछले वर्ष ट्रंप को बरी कर दिया गया था। राष्ट्रपति के पद से हटने के बाद महाभियोग की कार्यवाही का यह पहला मामला है।



## खबरें एक नजर में

### उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के दाम कम, एमपी की सीमा से सटे जिलों में पेट्रोल पंपों का बुरा हाल

उप्र की सीमा से सटे ग्वालियर अंचल के भिंड, मुरैना, शिवपुरी और दतिया के पेट्रोल पंप दम तोड़ रहे हैं। वजह, दोनों प्रदेशों में पेट्रोल के दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर का अंतर। इसका असर यह हो रहा है यहां से गुजरने वाले वाहन चालक मध्य प्रदेश में तेल नहीं लेते। वहीं वे जिले जिनसे उत्तर प्रदेश की सीमा सटी है, वहां के लोग पेट्रोल-डीजल भरवाने चले जाते हैं। इससे हाईवे के किनारे पेट्रोल पंप बंद हो रहे हैं या इनकी आमदनी न के बराबर रह गई है। उदाहरण के लिए दतिया से महज 15 किमी की दूरी पर चिला सीमा है। यह उत्तर प्रदेश में आता है। यहां पेट्रोल पंप पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगती हैं। झांसी की ओर से आने वाहन यहीं तेल भरवाते हैं और दतिया के लोग भी पेट्रोल भरवाने जाते हैं। दूसरा उदाहरण भिंड की सीमा फूफ पर खत्म होती है। यहां से इटावा भी 12-15 किमी दूर रह जाता है। मुरैना से यूपी का सैंया भी 40 किमी दूर है। पेट्रोल के दामों में बड़े अंतर के कारण नए पेट्रोल खुल नहीं रहे। पुराने पंप बंद होने की कगार पर हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में डीजल के दाम 77.84 रुपये प्रतिलीटर है जबकि मप्र में 85.98 रुपये प्रतिलीटर है। दोनों राज्यों में डीजल के दाम में आठ रुपये 14 पैसे का अंतर है। इसी प्रकार यूपी में पेट्रोल के दाम 86.38 रुपये प्रतिलीटर है और मध्य प्रदेश में 95.65 रुपये प्रतिलीटर है।

### वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सरदाना को 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय पुरस्कार'

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार और जाने माने फिल्म समीक्षक प्रदीप सरदाना को पत्रकारिता क्षेत्र में किए गए उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इस वर्ष का 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार' देने की घोषणा हुई है। पत्रकारिता जगत में विभिन्न उपलब्धियां प्राप्त कर चुके सरदाना को यह सम्मान 'इंटरनेशनल चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री' द्वारा, 'वैश्विक पत्रकारिता उत्सव' के दौरान 14 फरवरी को प्रदान किया जाएगा। पिछले 40 वर्षों से भी अधिक से पत्रकारिता में सक्रिय प्रदीप सरदाना देश के लगभग सभी बड़े और प्रतिष्ठित समाचार पत्र पत्रिकाओं, न्यूज़ चैनल्स और वेबपोर्टल्स के साथ जुड़े रहे हैं। मात्र 14 वर्ष की आयु में अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत करने वाले सरदाना को लेखन, पत्रकारिता, काव्य के साथ टेलीविज़न और सिनेमा के लिए अब तक विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। देश में टेलीविज़न पर नियमित पत्रकारिता शुरू करने और मात्र 17 वर्ष की आयु में, देश के सबसे कम उम्र के संपादक होने का गौरव भी प्रदीप सरदाना को प्राप्त है। इधर नेशनल न्यूज़ चैनल्स पर 4 दिनों में 52 घंटे लाइव रहने का रिकॉर्ड भी सरदाना के नाम दर्ज है। कोरोना काल की सावधानियों को देखते हुए इस वर्ष 'इंटेरनेश्न चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री' के प्रतिष्ठित 'वैश्विक पत्रकारिता उत्सव' का आयोजन ऑनलाइन हो रहा है। पुरस्कार समारोह के साथ इस उत्सव में पत्रकारिता पर सेमिनार, कार्यशाला और वार्ताओं का आयोजन भी होगा।

### पीएम मोदी से मिले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बताया शिष्टाचार मुलाकात

बिहार विधानसभा चुनाव 2020 और नई सरकार के गठन के बाद गुरुवार को पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए नीतीश ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताते हुए कहा कि उन्होंने कोई खास मांग नहीं की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मुद्दे पर सरकार के साथ है और केंद्र ने तीनों कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रही किसान यूनियनों के साथ बातचीत करने का सही रास्ता अपनाया है। कुमार ने कहा कि आशा है जल्द ही मुद्दे का समाधान हो जाएगा।केंद्र के तीन कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर पिछले दो महीने से ज्यादा समय से दिल्ली की अलग-अलग सीमाओं पर हजारों किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने राजद समेत विपक्षी दलों को बिहार में सरकार के अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने के दावों पर भी कटाक्ष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इन सबसे उन्हें (विपक्ष को) पूरा प्रचार मिल रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है।

## डोनाल्ड ट्रंप को कभी ट्विटर पर आने की नहीं मिलेगी अनुमति, कंपनी ने बताई ये वजह



कैपिटल हिंसा के बाद से ट्रंप के खिलाफ लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। अब ट्विटर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नेड सेगल ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप को कभी भी ट्विटर पर वापस जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि पूर्व राष्ट्रपति का निलंबन वापस नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जब आपको प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाता है, तो आप प्लेटफॉर्म से पूरी तरह हटा दिए जाते हैं, चाहे आप एक टिप्पणीकार हों, चाहें एक सीएओ हों या आप एक पूर्व या वर्तमान के बड़े नेता। ट्विचर सीएफओ ने बताया कि हम पारदर्शिता विश्वास करते हैं। हम समझते हैं कि यह एक अच्छी बात है। 6 जनवरी को अमेरिकी कैपिटल हिंसा के बाद ट्रंप को ट्विटर से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। साथ ही ट्विटर ने उनके कुछ बड़े प्रोफाइल समर्थकों सहित गलत सूचना साझा करने के लिए 70,000 से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने इस हफ्ते अपने दूसरे महाभियोग के मुकदमे का सामना किया। उनके खिलाफ कई सांसदों ने लगातार अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी और सीनेट से निवेदन किया कि ट्रंप को दंडित किया जाए। हालांकि उनके वकील ने भी उनका पक्ष रखते हुए ट्रंप को हिंसा से अलग बताया। नेड सेगल ने सीएनबीसी को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति का निलंबन वापस नहीं लिया जाएगा, जब आप प्लेटफॉर्म से हटा दिए जाते हैं, तो आपको प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाता है, चाहे आप एक टिप्पणीकार हों, आप एक सीएफओ हैं या आप एक पूर्व या वर्तमान सार्वजनिक अधिकारी हैं। सेगल ने सीएनबीसी को बताया, हम पारदर्शिता और पसंद में विश्वास करते हैं और हमें लगता है कि हमारे पास इस बातचीत के आसपास एक बहुत महत्वपूर्ण आवाज है। 6 जनवरी को अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा के बाद ट्रंप को

## बाइडन ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार शी जिनपिंग से बात की, हांगकांग में मानवाधिकार के हनन पर जताई चिंता

जो बाइडन ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभालने के बाद पहली बार बुधवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जिनपिंग से बातचीत के दौरान हांगकांग और शिनजियांग प्रांत में हो रहे मानवाधिकार के हनन को लेकर चिंता भी जताई। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर यह जानकारी दी।



व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन के राष्ट्रपति और चीनी जनता को चीनी लूनर न्यू ईयर की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि चीन का लूनर न्यू ईयर दुनिया के सबसे रंग-बिरंगे फेस्टिवल में से एक माना जाता है, जिसकी चर्चा दुनियाभर के लोगों के बीच होती है। चीनी नए साल की शुरुआत चांद पर आधारित कैलेंडर के पहले महीने की पहली तारीख से होती है।लूनर न्यू ईयर उत्सव 15 दिनों तक चलने के बाद लालटेन उत्सव के साथ खत्म होता है।

**इन मुद्दों पर की बातचीत**

इसके बाद इसके बाद बाइडन और शी जिनपिंग ने दोनों देशों के बीच जारी विवाद को कम करने, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक और सैन्य समेत कई मुद्दों पर वार्ता की।बाइडन ने चीनी राष्ट्रपति से बात करते हुए चीन के शिनजियांग प्रांत में उइगर मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार और हांगकांग के लोगों के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को लेकर चिंता जाहिर की।इसके साथ ही चीन की और से लगातार विस्तारवादी नीति को अपनाते हुए ताइवान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर चेतावनी दी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने शी जिनपिंग से बात करते हुए अमेरिकी लोगों की सुरक्षा, समृद्धि, स्वास्थ्य, जीवन जीने के तरीके की रक्षा और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपनी प्राथमिकताओं से भी अवगत कराया।

## कंगना रनौत बंद करने जा रही हैं अपना ट्विटर अकाउंट, अब इस ऐप पर मचाएंगी धमाल



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। कंगना और विवाद का बहुत पुराना नाता रहा है। जहां जहां कंगना पीछे पीछे कंट्रोवर्सी। कंगना रनौत इन दिनों अपने ट्विटर अकाउंट से जमकर आग उगल रही हैं। कोई न कोई सेलिब्रिटी उनके निशाने पर रहता है। कंगना रनौत ने ट्विटर को नई धमकी दे डाली है। कंगना ने सबको ये कहकर चौंका दिया है कि वो जल्दी ही अब ट्विटर छोड़ देंगी और कू ऐप पर वो अपना नया अकाउंट बनाने जा रही हैं और वो अब वहीं अपने विचार व्यक्त किया करेंगी। कंगना एक के बाद एक कई ट्वीट्स किए हैं जिसमें उन्होंने ट्विटर को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि उनको अभिव्यक्ति की आजादी का मुखिया किसने बनाया है। कंगना ने ट्विटर सेफ्टी के एक ट्वीट का जवाब दिया है और आरोप लगाया है कि कुछ ड्रग एटिक्ट लोग जनता को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। को ऐप ट्विटर जैसा ही एक ऐप है जिसे 10 महीने पहले लॉन्च किया गया था। इस ऐप को आत्मनिर्भर ऐप चौलेंज का अवॉर्ड मिल चुका है। ऐप को कई भाषाओं में लॉन्च किया गया है जिसमें हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली, तमिल, मलयालम, गुजराती, मराधी, पंजाबी, ओड़िआ, आसामी शामिल है।

## पापा रोहित रेड्डी ने शेयर की बेटे की पहली झलक,नन्हे राजकुमार को फैन्स का मिल रहा है खूब प्यार

टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा अनीता हसनंदानी ने बीती 9 फरवरी को एक बेटे को जन्म दिया है। अनीता और रोहित के माता-पिता बनने की इस खुशखबरी को उनके पति ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर की थी,जिसके बाद से अब फैंस इनके बेटे की एक झलक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अपने चाहने वालों को इंतजार खत्म करते हुए रोहित रेड्डी ने अपने बेटे की पहली झलक सभी के साथ शेयर की है। अनीता हसनंदानी के बेटे के जन्म के बाद से ही फैंस अनीता और रोहित को लगातार बधाइयां मिल रही है। वहीं फैंस इन दोनों से बेटे का चेहरा दिखाने की मांग कर रहे हैं। इस बीच रोहित ने बेटे की पहली झलक शेयर कर फैंस की उत्सकुता को और भी बढ़ा दिया है। हाल ही में रोहित ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की एक स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है।

## बिग बॉस 14 में इस स्पेशल दिन होगी राहुल वैद्य की गर्लफ्रेंड दिशा की एंट्री,घर में बुलाने की मेकर्स की है ये खास प्लानिंग



इंडियन टेलीविजन के सबसे चर्चित रियलिटी शोज में से एक बिग बॉस 14 के खत्म होने में चंद दिन और बाकी रह गए हैं। फिलहाल बिग बॉस के घर के अंदर सदस्यों को सपोर्ट करने के लिए कई लोग घर के अंदर आए हुए हैं,मगर राहुल वैद्या को तो वैलेंटाइन पर एक अलग ही सरप्राइज मिलने वाला है। जी हां दरअसल मेकर्स ने यह प्लान किया है कि वैलेंटाइन डे के खास मौके पर उनकी गर्लफ्रेंड दिशा परमार को घर के अंदर लाया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वो घर के अंदर केवल कुछ ही घंटों के लिए आएंगी और इसके बाद दिशा घर से वापस चली जाएगी। दिशा को बाकी सदस्यों की तरह घर में कनेक्शन बनकर रखने की परमिशन नहीं दी गई है। फिलहाल राहुल को सपोर्ट करने के लिए घर में सिंगर तोशी शारिब आए हुए हैं। वहीं राहुल ने बिग बॉस से दिशा को घर में बुलाने के लिए भी बोला था। इस दौरान मेकर्स ने भी अब दिशा को बिग बॉस के घर में आने के लिए कॉन्टेक्ट भी किया था,मगर दिशा ने इस बात के लिए राजी नहीं हुई। दरअसल उनका मानना था कि उनके जाने से राहुल का गेम कमजोर पड़ सकता है। वहीं ये बात जब राहुल को तोशी ने बताई तब उन्हें दिशा पर गर्व हुआ। इतना ही नहीं दिशा बाहर फैंस को भी सोशल मीडिया के माध्यम समझाती रहीं है कि वो किस वजह से बिग बॉस के घर के अंदर नहीं जाना चाहती हैं,लेकिन अब इस नए सरप्राइज से यकीनन राहुल के साथ उनके फैंस की भी खुशी का ठिकाना नहीं होगा।

## विटामिन ए की कमी कर सकती है अंधा, जानिए क्या-क्या खाना बहुत जरूरी

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनियाभर में अंधेपन का सबसे आम व बड़ा कारण विटामिन ए की कमी है। वैसे तो बॉडी को हर विटामिन की जरूरत है क्योंकि हर विटामिन अलग रोल अदा करता है। विटामिन ए भी हम सबके लिए बहुत जरूरी है। आपकी आंखों की रोशनी, मजबूत इम्यूनिटी और प्रजनन क्षमता के लिए विटामिन ए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### विटामिन ए की कमी से हो सकता है अंधापन

इसे रेटिनोल भी कहते हैं क्योंकि ये आंखों में रेटिना बनाने वाले पिगमेंट के निर्माण में मदद करता है और जब इस तत्व की कमी हो जाती है तो बाल झड़ने लगते हैं, त्वचा व बाल रुखे-सूखे, आंखों में सूखापन आ जाता है। नाइट ब्लाइंडनेस व बॉडी में किसी ना किसी इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा दांत कमजोर, थकान, बार-बार दस्त होना, वजन कम होना, नींद ना आने जैसी समस्या भी होती है।

कितनी मात्रा में जरूरी विटामिन ए

पुरुषों को 900 एमसीजी, महिलाओं को 700 एमसीजी और बच्चों व टीनएजर्स को 300 से 600 एमसीजी की प्रतिदिन जरूरत पड़ती है।

### मिलते हैं ये भी फायदे

आंखों की तेज रोशनी, आंखों की मांसपेशियों की मजबूती व हृदय, अस्थमा, डायबिटीज जैसे कई रोगों से बचाव के लिए इसकी बहुत जरूरत होती है।

### कैसे पूरी करें कमी ?

विटामिन ए की कमी को पूरा करने के लिए कौन से आहार खाने जरूरी है चलिए उस बारे में आपको बताते हैं।

डेयरी प्रॉडक्ट्स यानि दूध व उससे बनी चीजें खाएं। गाजर का सूप, जूस सब्जी आचार, सलाद जैसे भी खाना चाहे इसे डाइट में शामिल जरूर करें। यह आपकी आंखों के लिए बहुत अच्छी है। पालक, शकरकंद, खरबूजा, कद्दू, चुकंदर, शलजम, मटर, टमाटर, ब्रोकली, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां, धनिया, गिरीदार फल, पीले या नारंगी रंग के फल, आम, तरबूत, पपीता, चीकू, पनीर, सरसों, राजमा, बींस, अंडा आदि इन सभी में उचित मात्रा में विटामिन ए पाया जाता है। अगर आप इन चीजों का सेवन उचित मात्रा में करते हैं तो विटामिन ए की कमी शरीर में नहीं होगी। याद रखिए आपकी सेहत का सही मंत्र हैल्दी खानपान ही है।




## स्वरा भास्कर ने रिहाना को बताया टुकड़े टुकड़े गैंग की इंटरनेशनल मेंबर,ये खास शब्द बोलकर किया संबोधित



बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में स्वरा अक्सर बेबाकी से अपने विचार रखने के लिए सुर्खियों में छाई रहती हैं। वहीं बीते दिनों उन्होंने किसान आंदोलन के सपोर्ट में कई सारे ट्वीट भी किए थे। इसके अलावा बहुत बार ऐसा हुआ है जब कंगना और स्वरा के बीच आपस में सोशल मीडिया पर जमकर जुबानी जंग भी छिड़ी है। इस कड़ी में अब स्वरा ने अमेरिकन पॉप स्टार रिहाना का सपोर्ट किया है। बता दें स्वरा भास्कर का हालिया ट्वीट सबका ध्यान अपनी ओर अकर्षित कर रहा है,जिसमें उन्होंने रिहाना को इंटरनेशनल टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बताया है। दरअसल अपनी शूटिंग से एक कॉफी मग की फोटो शेयर करते हुए स्वरा ने लिखा शूटिंग डे। यह फोटो सबसे नई इंटरनेशनल टुकड़े टुकड़े गैंग की मेंबर बहन रिहाना को समर्पित है। बताते चले रिहाना ने कुछ दिनों पहले भारत में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में आकार एक ट्वीट किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर बात की जानी चाहिए। वहीं रिहाना के ट्वीट कर देने के बाद कई विदेशी हास्तियों ने इस मामले में अपनी बात रखी और मिया खलीफा,ग्रेटा थनबर्ग और अमांडा सर्नी जैसी कई इंटरनेशनल स्टार्स ने किसान आंदोलन के सपोर्ट में ट्वीट किया था। वहीं इतना सब कुछ हो जाने के बाद भारतीय सेलेब्स ने इनके विरोध में और भारत सरकार के सपोर्ट में ट्वीट करके किसान आंदोलन को भारत का आंतरिक मामला करार दिया।

## काजल अग्रवाल ने खोला अपनी बचपन की बीमारी का राज, लोगो से की खास अपील



बॉलीवुड एक्ट्रेस काजल अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। काजल आए दिन अपने फैंस के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में काजल अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक नई तस्वीर शेयर की है जिसमें उन्होंने अपनी बीमारी को लेकर खुलासा किया है। काजल ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि उन्हें अस्थमा है और इसके साथ ही उन्होंने इन्हेलर के महत्व पर भी जोर डाला। काजल के पोस्ट को पढ़कर फैंस उनसे काफी इम्प्रेस नजर आ रहे हैं और उनसे एक बेहतरीन सीख ले रहे हैं। सिंघम एक्ट्रेस ने पोस्ट के जरिए बताया कि अस्थमा में राहत पहुंचाने वाले इन्हेलर का इस्तेमाल करने में शर्म करने जैसा कुछ भी नहीं है। काजल अग्रवाल ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जब मुझे 5 साल की उम्र में अपने ब्रोन्कियल अस्थमा के बारे में पता चला था तो मुझे अच्छे से याद है कि उस वक्त मेरी पसंदीदा चीजों को खाने से मुझे मना कर दिया गया था। क्या आप सोच सकते हैं कि एक बच्चे के लिए दूध के बने सामान और चॉकलेट से दूर रहना कितना मुश्किल रहा होगा। ये मेरे लिए मुश्किल भरा था और ये भी नहीं था कि जब मैं बड़ी होने लगीं तो मेरे लिए सब आसान होने लगा। काजल ने आगे लिखा कि, सफर करते हुए, सर्दियों में या धूल-धुएं जैसी चीजों से मुझे बहुत परेशानी होती थी। मेरे अस्थमा के लक्षण उभर कर सामने आने लगते थे। ऐसी किसी स्थिति में मेरी सांस फूलने लगती थीं। इसके बाद मैंने इन सारी चीजों से निपटने के लिए इनहेलर को साथ रखना शुरू कर दिया। जब भी मुझे सांस लेने में दिक्कत होती तो मैं इसका इस्तेमाल करती। इन्हेलर के महत्व को समझाते हुए आगे काजल ने लिखा कि, मैंने खुद बदलाव महसूस किया है। इन्हेलर के इस्तेमाल से मुझे काफी आराम मिला। आपको इसका इस्तेमाल करने में शर्म नहीं करना चाहिए बल्कि जो लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं उन्हें इसके इस्तेमाल के बारे में जागरुक करना चाहिए। मैं अपने दोस्तों, फैंस और परिवार से अपील करती हूं कि आप सभी लोग इन्हेलर के बारे में लोगों को बताएं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा रैंलल्मेज्व्पदींसमते। फैंस को काजल का ये पोस्ट काफी पसंद आया है और इस तरह खुलकर इस पर बात करने के लिए फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं।